11- OCT- BSP- P-1_Layout 1 10/11/2025 11:30 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री


हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025




तोरवा पावर हाउस चौक के आगे हाईवा ने दो कार व बाइक को टक्कर मारी।



## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति बनाई गई बाउंड्रीवाल तोड़ी गई



**बिलासपुर।** जवाली नाले के किनारे अवैध निर्माण के बाद अब यहाँ की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद हो गया है। झगड़े और शिकायत के बाद पहुंचे निगम अमले ने अवैध बाउंड्रीवाल को ढहाने की कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक भूमाफियाओं ने राजस्व अफसरो से सांठगांठ कर यहां बैठवा दिया है। बताया जा रहा कि इस जमीन पर पहले से काछी परिवार का कब्जा है। इस पर वनक परिवार ने रोड तक बाऊन्ड्रीवाल खड़ा करा है। इसी का विवाद है। विवाद के दौरान जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप और एमआईसी सदस्य बन्धु मौर्य भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बिना अनुमति सड़क तक घेराबंदी कर बनाए गए बाउंड्रीवाल को एक्सीवेटर से ढहवा दिया गया।

### आयुष्मान कार्ड बनाने महाअभियान 13 को

**बिलासपुर।** आयुष्मान कार्ड बनाने 13 अक्टूबर को विशेष महाअभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित राशन दुकानों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के वय वंदन कार्ड भी बनाए जाएंगे।



गर्ल्स डिग्री कालेज कैंपस में भरा बारिश का पानी।



### सड़कें हो गईं सुनसान

झमाझम बारिश के कारण लोगों को कार्यालय और घरों में दुबकना पड़ा, दोपहर को ज्यादातर सड़कें सूनी हो गईं। जिन लोगों ने बिना रैनकोट के बाहर निकला, उन्हें भींगते हुए गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। बारिश की बुंदे बड़ी थी ऐसे में दो पहिया चालकों को बाइक चलाने में दिक्कत उठानी पड़ी।

### सुबह 11 बजे के बाद झमाझम बारिश, दीपावली की तैयारियों को लगा झटका

# दशहरा गया आ गई दीवाली, पर बारिश नहीं थमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल एक एक कर त्यौहार गुजरते जा रहे हैं, नवरात्रि के बाद दशहरा गुजर गया, अब दीपावली करबी है, परन्तु बारिश है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को भी एकाएक मौसम ने रौद्र रूप अपना लिया, सुबह 11 बजे के बाद शहर और आसपास के इलाके में आसमान पर छाए बादल बरस पड़े। तेज बारिश में जनजीवन थम सा गया, लोग भीगते हुए आना जाना करते रहे, सबसे बड़ा झटका दीपावली की तैयारी कर रहे लोगों को लगा, बारिश से उनका काम भी रुक गया।

मौसम रोज नए रूप में सामने आ रहा है, दीपावली आने वाली है, और बाजार भी सज कर तैयार है लेकिन बारिश त्योहारों पर पानी फेरने में आमादा है। पिछले दो दिनों से हल्की बूंदाबांदी हो रही थी, परन्तु आमतौर पर मौसम खुला हुआ था, शनिवार को भी सुबह से मौसम साफ था, लेकिन सुबह 11 बजे आसमान पर घने बादल छा गए और तेज बारिश होने लगी। अचानक शुरू हुई तेज बारिश से सड़कों का यातायात थम गया। लोग बारिश बंद होने का इंतजार करते रहे, लेकिन बारिश होती ही रही। थक हारकर लोगों को भीगते हुए आना जाना करना पड़ा। दोपहर दो बजे तक तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। हर बार की तरह बिजली व्यवस्था में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिसके चलते लोगों को घंटों परेशान होना पड़ा है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश का मौसम अब लौट रहा है, इस दौरान कभी कभार बारिश की बुंदे बड़ी हो जाती है, शनिवार को पहले से ही पूर्वानुमान लगाया गया था, रविवार को हल्की बारिश हो सकती है लेकिन झमाझम बारिश के आसान नहीं है।



मसानगंज में भरा पानी।



### फुटकर व्यापारियों की बढ़ी परेशानी

बारिश के चलते फुटकर व्यापारियों का हाल बेहाल हो चुका है। सड़कों के किनारे दुकान सजाकर ये फुटकर व्यापारी त्यौहार में कुछ रुपए कमा लेते हैं, लेकिन बारिश होने के कारण इनकी दुकानें बंद हो गई हैं। मिट्टी की मूर्ति, दीया और अन्य सामान बेचने वाले फुटकर व्यापारी दुकान बंद कर घर चले गए हैं।

# डीएवी स्कूल के टीचर ने 47 बच्चों को थप्पड़ जड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**पैरेंट्स ने मचाया हंगामा**

- फिर जमीन पर बिठाकर दी सजा
- बच्चों का कसूर सिर्फ आपस में बात करना, शिक्षक ने मारपीट स्वीकार की

बसंत बिहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अनुशासन सिखाने के नाम पर शिक्षक द्वारा बच्चों से मारपीट की गई है। कक्षा में आपस में बात कर रहे मासूम बच्चों पर हिंदी के शिक्षक सुदर्शन जायसवाल इतने नाराज हुए कि उन्होंने एक-एक कर 47 छात्रों को थप्पड़ जड़ दिए, जिनमें 7 बच्चियां भी शामिल हैं। कई बच्चों के गाल और कान सूज गए तो कुछ बच्चे गिर पड़े। शिक्षक इतने से भी शांत नहीं हुए और बच्चों को बेंच से उतारकर जमीन पर बैठने की सजा दी। इस दौरान बच्चे माफी मांगते रहे, लेकिन शिक्षक का दिल नहीं पसीजा। इसकी जानकारी मिलते ही पैरेंट्स स्कूल पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। प्रिंसिपल से शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई। स्कूल प्रबंधन ने दिवाली के बाद कार्रवाई की बात कही है।

मामला बसंत बिहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल का है। रोज की तरह हिंदी के शिक्षक सुदर्शन जायसवाल कक्षा 5 वीं ए के छात्रों को पढ़ाने पहुंचे। इस दौरान कुछ बच्चे आपस में बात कर रहे थे। इतने से शिक्षक गुस्से में आ गए और बिना कुछ बोले सभी बच्चों को लाइन से थप्पड़ मारना शुरू कर दिया। कई छात्र मार खाने के डर के डर से बेंच के नीचे भी छिप गए। इसके बाद सभी बच्चों को बेंच से उतारकर जमीन पर बिठा दिया गया और धमकी दी कि सभी की कॉपी चेक होगी। पूरे पीरियड के दौरान शिक्षक ने कुछ भी नहीं पढ़ाया।

### शिकायत मिलने पर होगी जांच

अनुशासन के नाम पर बच्चों से मारपीट बिलकुल उचित नहीं है। शिकायत आने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राज्य शासन को पत्र भी भेजेंगे।

- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### बच्चे बदमाश, सुधारने के लिए चपत लगाई

जब मारपीट की जानकारी पेरेंट्स तक पहुंची तो वे स्कूल पहुंचे लेकिन प्राचार्य से मुलाकात की अनुमति देर तक नहीं मिली। हंगामे के बाद अभिभावकों को अंदर बुलाया गया। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक अक्सर बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। उन्होंने टीचर को स्कूल से हटाने की मांग की। इस दौरान की ओर से कहा गया कि अब तक इस शिक्षक की कोई शिकायत नहीं आई है, फिर भी उन्हें दीपावली तक सुधार का अवसर दिया जाएगा। यदि सुधार नहीं दिखा, तो स्थानांतरण पर विचार होगा। हालांकि अभिभावक इस जवाब से असंतुष्ट रहे। प्राचार्य के सामने जब पूछा गया तो शिक्षक सुदर्शन जायसवाल ने कहा कि बच्चे बहुत बदमाश , सुधारने के लिए हल्की चपत लगाई गई।





7 वंडर सिटी | 7389900999

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 30% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

वर्तमान मे ब्याज दर स्टैंडर्ड सिबिल स्कोर में 8% है उसके अनुसार 5.01% की ब्याज दर हमारे द्वारा 10 वर्ष के लिए वहन किया जाएगा, ब्याज दर 8% से बढ़ने पर, अतरिक्त ब्याज दर कि राशी का भुगतान क्रेता करेगा।

11 -OCT- BSP-PG-2_Layout 1 10/12/2025 12:10 AM Page 1



## नगर में आज

### जिला देशहा यादव समाज की बैठक

**बिलासपुर।** जिला देशहा यादव समाज जिला समिति की बैठक 12 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से गतौरी कंकाली मंदिर परिसर में होगी। इसमें सभी पदाधिकारियों व क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष से शामिल होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में जिसमें मस्तूरी, लिमतरा नवीन परिक्षेत्र का गठन किया जाएगा। यह जानकारी जिला अध्यक्ष शिव शंकर यादव ने दी।

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा कराने बैठक

**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति द्वारा मछुवारा समाज के विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में 12 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से बिलासा छात्रावास केवट समाज डबरीपारा चांटीडीह में बैठक होगी। जिसमें केवट (निषाद), धीवर व कहरा समाज के लोगों को इस बैठक में शामिल होने के लिए अपील किया गया है। बैठक का उद्देश्य राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन की सुझाव, रुपरेखा बनाना और इसमें समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस बैठक का उद्देश्य मछुवारा समाज के विद्यार्थियों को शैक्षणिक माहौल, जागरूकता, और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करना है।

### हास्य कवि सम्मेलन

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति द्वारा अध्यक्ष अरविन्द वर्मा की अध्यक्षता में रविवार 12 अक्टूबर को एक निजी होटल में दोपहर ढाई बजे से लाफ्टर का ब्लास्टर व हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एकाग्र शर्मा मुंबई, शशिकला दुबे रायपुर, हीरामणी वैष्णव कोरबा, कवियित्री सोनल जैन सूरत गुजरात, संध्या रानी शुक्ला रायपुर, बालमुकुंद श्रीवास, रोशनी दीक्षित अपनी कविताओं की रंग बिखेरेंगी।

## खबर संक्षेप

### नरसिंघम को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डी. व्ही.के.नरसिंघम को डॉ. सीवी रमन विश्विद्यालय बिलासपुर द्वारा भौतिक विज्ञान विषय में



पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। डी. व्ही.के.नरसिंघम (देशराज वेंकट कूर्म नरसिंघम) ने अपना शोधकार्य सीवी रमन विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष पांडे के निर्देशन में संपादित किया। उनके शोध का विषय मानसून पूर्व और मानसून पश्चात मिट्टी के माइक्रोवेव परावैद्युत व्यवहार का आंकलन था। जिसे खूब सराहा गया। वे डॉ. सीवी रमन विवि बिलासपुर में भौतिक विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर पदस्थ रहते हुए शोधकार्य को संपन्न किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की सुध लेने कल से रायपुर में लगेगा मंत्रियों का दरबार

**बिलासपुर।** छग में भाजपा के चौथे कार्यकाल में पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की भी सुध लेने की योजना बना ली है। पार्टी कार्यकर्ताओं और सरकार के बीच समन्वय बना रहे और समय समय पर उनके अटके काम का निराकरण होता रहे इस लिहाज से प्रदेश सरकार के मंत्री प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकताओं की समस्या सुन रहें। उनका समाधान निकालने की भी कोशिश कर रहे हैं। इसका पहला चरण पिछले सप्ताह ही पूरा किया गया था, अब दूसरे चरण में 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक की तिथि तय की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के अलग अलग विभागों के मंत्रियों द्वारा बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ परिसर रायपुर में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। 13 अक्टूबर सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के वित्त और वाणिज्य मंत्री ओपी चौधरी, 14 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री अरुण साव, 15 अक्टूबर को लोक स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,16अक्टूबर गुरुवार को महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और 17 अक्टूबर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनेंगे। इसमें भाग लेने कार्यकर्ताओं को मौके पर ही पंजीयन की व्यवस्था की है। जिसका समय दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच निर्धारित है। उसके उपरांत 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच कार्यकर्त्ता मंत्री से मुलाक़ात कर अपनी बात रख सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी सच्चिदानंद उपासने को दी गई है।

# आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है देश : चंद्राकर

## कांग्रेसियों को कहा- सोनिया, राहुल, प्रियंका का दरबारी

**बिलासपुर।** पूर्व मंत्री व विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भरता भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। मोदी जी के मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है।

यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारंभ हुआ है और 25 दिवंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता भारत रत्न अटल जी की जयंती तक चलेगा। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की भावना के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा जैसी कई गतिविधियों की योजना बनाई गई है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चन्द्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्वदेशी को लेकर जिस तेजी से काम हुआ है उसका असर सैन्य उपकरणों के निर्यात से लेकर अंतरिक्ष, वैक्सीन हर जगह भारत की बढ़ती धाक में देखा जा सकता है। यदि सिर्फ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को देखें तो 2014 से पहले जहां हम बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर थे वहीं अब आत्मनिर्भर होते हुए रक्षा निर्यातक बन चुके हैं। देश में आर्थिक ओर नीतिगत सुधारों का जो दौर चल रहा है उसका सबसे अधिक लाभ गरीब, किसान, महिलाओं, मध्यम वर्ग को मिला है। जीएसटी सुधार लागू होने के बाद जिस तरह का उत्साह हमें देखने मिल रहा है वह अद्भुत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस दशक के अंत तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

### कांग्रेस दरबारियों की पार्टी



श्री चन्द्राकर ने कांग्रेस को दरबारियों की पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस चरित्र ही यही है कि ऊपर दिल्ली दरबार में जाते हैं और नीचे आकर एक-दूसरे को काटते हैं। मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा मुख्यमंत्री पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि उन लोगों का जनहित से कोई मतलब नहीं है। एक ऐसा व्यक्ति ऐसी पार्टी का सदस्य जो दरबारी हो, वो विष्णुदेव सरकार के बारे में क्या बोलेंगे।

# पूरे देश को बिजली देने वाले छग में छाया है अंधेरा : सिंघार

## मप्र के नेता प्रतिपक्ष ने कहा- मप्र, छग में दिल्ली से चलाई जा रही सरकार

**बिलासपुर।** मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि छत्तीसगढ़ से पूरे देश को बिजली दी जा रही है, पर खुद छत्तीसगढ़ अंधेरे में है। श्री सिंगार का कहना है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों प्रदेशों में भाजपा को अगर दिल्ली से ही सरकार चलानी है तो मुख्यमंत्री क्यों बनाए हैं, दोनों जगह केन्द्र शासित प्रदेश की तरह सरकार चल रही है। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इन दिनों कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान तहत केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में बिलासपुर दौरे पर हैं। शनिवार को श्री सिंघार हरिभूमि कार्यालय पहुंचे। चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां स्थानीय समस्याएं प्राथमिकता में होनी चाहिए, जैसे छत्तीसगढ़ से पूरे देश को बिजली दे रहे हैं, कई प्रदेश जगमगा रहे हैं और खुद छत्तीसगढ़ अंधेरे में हैं। धान का कटोरा कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ अंधेरे का कटोरा बनकर रह गया है। श्री सिंघार का कहना है कि स्वविवेक, सोच होगी तो ही मुख्यमंत्री काम कर पाएंगे, लेकिन वैसी सोच नहीं है। दोनों राज्यों की सरकार एक ही तरह से काम कर रही है।

### दिल्ली तक नहीं पहुंच पाती थी जिले की बात



कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर श्री सिंघार ने बताया कि पार्टी को नए संगठन सृजन की आवश्यकता थी। एक नई पीढ़ी को बढ़ाना और सभी वर्गों को सम्मान देना है। जिले की बात ऊपर तक नहीं पहुंच पाती है, इसलिए दिल्ली चाहती है कि हर जिलाध्यक्ष आने वाले समय में पार्टी को मजबूती के साथ चला सकें। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत रायशुमारी दौरान हर तरह की बात आ रही है, कार्यकर्ताओं में जोश है। 24 अक्टूबर तक रिपोर्ट पेश करना है और अगले माह तक नया अध्यक्ष बन जाएगा।

### जिलाध्यक्षों को देनी होगी प्रतिदिन रिपोर्ट

पार्टी फ्रेमवर्क को लेकर उन्होंने बताया कि आजकल कनेक्ट सेंटर बना दिए गए हैं जो हर स्टेट को दिल्ली से सीधे जोड़ता है। जिलाध्यक्षों को पूरा टास्क दिया जाता है। प्रतिदिन जनसुनवाई करनी है, कार्यक्रमों की रिपोर्ट देनी है। इसलिए हर किसी के बस का बात नहीं है। जो भी जिलाध्यक्ष रहेंगे उन्हें निरंतर काम करना पड़ेगा।

# एसईसीएल ने 37 लाख वर्गफुट क्षेत्र को रखा मुक्त करने का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने अपने प्रचालनगत और प्रशासनिक स्थानों पर स्वच्छता, दक्षता और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना के साथ अपना महत्वाकांक्षी विशेष अभियान 5.0 आरंभ किया है। अभियान के तहत एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैले 203 चिन्हित स्थलों पर 37,50,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस पहल का उद्देश्य कार्यालयों, खदानों और कॉलोनियों में स्थायी हाउस कीपिंग कार्य प्रणालियां सुनिश्चित करना तथा कार्यस्थल की स्वच्छता और सौंदर्य में सुधार करना है। एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि इस विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत प्रमुख लक्ष्य में लगभग 37.5 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले 203 स्थलों की सफाई और रखरखाव। लगभग 3,000 मीट्रिक टन स्क्रैप सामग्री का सुरक्षित निपटान। 2000 वास्तविक फाइलों और 6500 ई-फाइलों की समीक्षा। कंपनी के भीतर रचनात्मकता और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों का निर्माण। यह अभियान प्रणालीगत फाइल समीक्षा और समापन के माध्यम से डिजिटल दस्तावेजीकरण कार्यप्रणालियों और कुशल परिसंपत्ति प्रबंधन के एकीकरण पर भी जोर देता है, जो स्वच्छता और शासन में दक्षता के लिए भारत सरकार के व्यापक विजन के अनुरूप है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष विशेष अभियान 4.0 के दौरान एसईसीएल ने कई श्रेणियों में अपने लक्ष्यों को पार किया। सफाई स्थलों की संख्या, खाली की गई जगह और स्क्रैप निपटान के मामले में सभी कोयला सार्वजनिक उपक्रमों में कंपनी ने शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी ने लोक-संपर्क और दृश्यता में भी अग्रणी स्थान अर्जित किया। कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों में सबसे अधिक ट्वीट और प्रेस विज्ञप्तियां दर्ज कीं, जिससे अभियान के क्रियान्वयन और संचार में राष्ट्रीय स्तर पर एक मानक स्थापित हुआ।

## हेल्थ प्लस

### डॉ. भटनागर और डॉ. राठी आज देंगे परामर्श

**बिलासपुर।** सीएमडी चौक स्थित स्व. मदनलाल जुनेजा मेमोरियल जुनेजा सुपर स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सालय में 12 अक्टूबर को आंखों का तिरछापन, भैंगापन एवं बाल नेत्र रोग विशेषज्ञ नागपुर की विख्यात डॉ.भक्ति भटनागर एवं आँखों के ऑर्बिट, पलकों, ऑक्युलोप्लास्टी, आंखों की सतह एवं आंखों की कॉस्मेटिक सर्जन नागपुर की सुप्रसिद्ध डॉ. गुंजन राठी मौजूद रहेंगी। सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी में एवं दोपहर 2 बजे से 7 बजे तक ऑपरेशन करके अपनी सेवाएं देंगी । यदि आपको या आपके किसी परिचित को आँखों मे तिरछापन, भैंगापन, बच्चे की आँखों का मोतियाबिंद,आँखों की पलकों की कोई समस्या,आँखों के ऑर्बिट, आंसू की नली ( नासूर ), नकली आंख फिट करवाना,आँखों के ट्यूमर ( कैंसर ) के इलाज या कोई अन्य समस्या हो तो इन दोनों सुपरस्पेशलिस्ट विशेषज्ञों से परामर्श लेने ले सकते हैं। इसके लिए अग्रिम पंजीयन अनिवार्य हैं। चश्मे, कसरत, इंजेक्शन बोटॉक्स, दवाईयां एवं सर्जरी द्वारा उपचार 12 अक्टूबर को जुनेजा सुपरस्पेशलिटी नेत्र चिकित्सालय में ही किया जाएगा । अधिक जानकारी के लिए हास्पिटल से संपर्क कर सकते हैं।



## बिजनेस प्लस

### यूबी वर्ल्ड के आने से तोरवा क्षेत्र को मिली नई पहचान




**बिलासपुर।** शहर में विकास कार्यों से जिस तरह तस्वीर बदली है इससे लोगों का लाइफस्टाइल भी बदल रहा है। शहर से जुड़े तोरवा क्षेत्र में अब रेजिडेंशियल फ्लैट्स की मांग खूब बढ़ रही है। इसका ही ध्यान रख यूबी ग्रुप शहर वासियों के लिए यूबी वर्ल्ड लेकर आया है। टीएनसी रेरा अप्रूव प्रोजेक्ट जिसमें 2 से 3 बीएचके फ्लैट्स सभी सुविधाओं के साथ उपलब्ध है। यह प्रोजेक्ट रेड डायमंड होटल के सामने बरम बाबा रोड पावर हाउस चौक तोरवा में है। बरम बाबा की रोड अब 40 फीट होने से आवागमन भी बेहद सुगम हो गया है। डायरेक्टर आशीष उभरानी ने बताया कि यहां पर नवरात्रि से बिग बिल्डिंग डेज चल रहा है जो की 20 अक्टूबर दीपावली तक चलेगा। जिसमें फ्लैट बुक करने वाले ग्राहकों को विशेष ऑफर के साथ ढेरों उपहार भी दिए जा रहे हैं। फ्लैट्स पर कैश डिस्काउंट, एसी,फ्रीज,टीवी, वाशिंग मशीन, गोल्ड कॉइन,मॉड्यूलर किचन,एक्टिवा व कार तक दी जा रही है। डायरेक्टर राहुल उभरानी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में ग्राहकों को 40 फीट की चौड़ी सड़क, भव्य एंट्रेंस गेट, 24 घंटे बिजली -पानी की सुविधा, सीसीटीवी सर्विलेंस सुरक्षित वातावरण के साथ आकर्षक गार्डन की भी सुविधा दी जा रही है। ग्राहक अपना आशियाना आसान किस्तों में देकर इसे खरीद सकते हैं, जिसके लिए फाइनेंस सुविधा भी दी जा रही है।

### मित्तल फर्नीचर मे दीपावली ऑफर, 20%की छूट



**बिलासपुर।** अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि दीपावली फेस्टिवल आफर चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही एक्सचेंज ऑफर भी चलाया जा रहा है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्राकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत 24 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच व्यापार विहार में भी स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।



11- OCT- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 10/12/2025 12:16 AM Page 1

बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# पुष्य नक्षत्र 15 को, बाजार होगा गुलजार, करोड़ों का होगा व्यापार

**दिपावली के पांच दिन पहले 15 अक्टूबर को इस साल का पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है, इसे खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है, इस नक्षत्र को सभी 27 नक्षत्रों का राजा कहा जाता है। बुधवार पड़ने से बुध पुष्य योग बना है। ये नक्षत्र धन, समृद्धि और सफलता दिलाने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस नक्षत्र में किए गए कार्य और खरीदारी लंबे समय तक स्थायी लाभ देती हैं। इस योग में निवेश करना, नए काम की शुरुआत करना, घर-वाहन खरीदना भी शुभ माना जाता है।**

**बिलासपुर।** पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र सभी राशि वालों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आ रहा है,इससे सभी राशि को लाभ मिलेगा और शुभता आएगी। साथ ही इस दौरान की गई हर खरीदी चिर स्थायी होगी। ज्योतिष शास्त्र में इस मुहूर्त को अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। इस मुहूर्त में किए गए सभी काम पूरे तो होते ही हैं, साथ ही बहुत जल्दी उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। इस पावन नक्षत्र में लोग नए कार्यों की भी शुरुआत करेंगे। नक्षत्र को लेकर लोगों में जहां उत्सुकता है वहीं बाजार भी सजकर तैयार हो गया है। लोग अभी से अपनी पसंद के वाहनों, घर, सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य वस्तुओं की बुकिंग भी करवा रहे हैं। इस दिन बाजार में करोड़ो रूपए का व्यापार होगा जिसमें सभी सेक्टर में जमकर बिक्री होगी।

### ऑटोमोबाइल बाजार भी तैयार

ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रीयल इस्टेट, सराफा समेत सभी सेक्टरों के लिए खरीदारी का महाकुंभ पुष्य नक्षत्र के साथ होगा। व्यापारी भी बाजार के और भी तेज होने की संभावना जता रहे हैं। वहीं लोगों को अनेक ऑफर की सौगात भी दी जा रही है। कहीं आसान लोन की सुविधा तो कहीं एक के साथ एक फ्री, वहीं गहनों में मेकिंग चार्ज में कुछ छूट तो नया घर के सपनों को पूरा करने पर गाड़ी, फर्नीचर समेत अन्य लुभावने ऑफर लोगों को दिए जा रहे हैं।



### गोल्ड की डिमांड पहले जैसी ही

व्यापारी विमंथ सराफ ने बताया कि भले ही सोना और चांदी के दाम बढ़ गए हों, लेकिन इनकी ज्वेलरी की डिमांड पहले जैसी ही है। लोग बढ़े हुए रेट भी खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं, इस हिसाब से मिनी धनतेरस गुरु पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में बंपर बिक्री की उम्मीद है। कई लोगों ने तो पहले से बुकिंग भी करा रखी है, कुछ लोग सहालग सीजन के लिए खरीदारी करेंगे। नई ज्वेलरी में वेडिंग सीजन और लाइटवेट का कलेक्शन मौजूद है।



### ऑफरों से सजेगा बाजार

व्यापारी अंजुमन जैन ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम में ग्राहकों को ढेरों उपहार दिया जा रहे है, जिसमें कैश डिस्काउंट,गिफ्ट वॉउचर, एक्सेंज ऑफर सहित कई ऑफर उपलब्ध है,इस समय खरीदारी करने से बहुत लाभ होगा। मार्केट में वॉशिंग मशीन, एसी, एयर प्यूरीफायर, वॉटर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, गीजर, पंखे, मिक्सर, रेफ्रिजरेटर, एलईडी, होम थिएटर आदि की डिमांड है। चार से पांच करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद जताई गई है।



शुभारंभ

## छठघाट पर छठ पूजा कार्यालय का उद्घाटन आज

**बिलासपुर।** छठ पूजा समिति द्वारा अरपा के तट छठ घाट पर पूजा कार्यालय का उद्घाटन 12 अक्टूबर को 11. 50 बजे होगा। सूर्य आराधना का महापर्व छठ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिलासपुर में पारंपरिक रूप से बनाया जाएगा। छठ घाट में इसकी तैयारी आरंभ हो चुकी है। पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज ने संयुक्त रूप से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। छठ घाट पर 12 अक्टूबर को 11. 50 बजे समाज के संरक्षकों के हाथों छठ पूजा संचालित करने छठ पूजा समिति कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व आरंभ होगा। 26 को खरना का प्रसाद तैयार किया जाएगा। 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ देने के पश्चात 28 अक्टूबर को उदित सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उद्घाटन के अवसर पर पाटलिपुत्र सांस्कृतिक विकास मंच, बिलासपुर भोजपुरी समाज, बिलासपुर सहजानंद भूमिहार ब्राह्मण समाज के सभी पदाधिकारी छठ माता को मानने और जानने वाले भक्त उपस्थित रहेंगे।



आयोजन

## प्रदर्शनी में दिखी दिव्यांगों की रचनात्मकता की झलक



**बिलासपुर।** श्रीराम मंदिर तिलक नगर के सामने स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था श्री स्पेशल केयर सेंटर में शनिवार को दिवाली एग्ज़ीबिशन का शुभारंभ किया गया। इसमें शारीरिक, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित दिए, झूमर, लिफाफे एवं अन्य सजावटी सामग्री का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि डॉ. शकुंतला जितपुरे ने किया। प्रदर्शनी में दिव्यांगों की रचनात्मकता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में साहू समाज की अध्यक्ष रचना साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता सभी के लिए प्रेरणादायक रही। संस्थापिका डॉ सुजाता वाजपेई ने बताया कि विगत 20 वर्षों से दिवाली पर प्रदर्शनी संस्था के द्वारा लगाई जा रही है। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की कला, कौशल एवं आत्मविश्वास को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना है। प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि संस्था में किस प्रकार से बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है। इस अवसर पर डॉ विजयश्री सैम्युल, चंचल शर्मा, उमेश नवरंग, आरती साहू, नीमा मानेश्वर, पदमा, ज्योति यादव, वर्षा कोरी, मनीष मानेश्वर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

संगोष्ठी

## बहनों की समाज में भागीदारी शिक्षा के माध्यम से ही संभव




**बिलासपुर।** एबीवीपी बिलासा कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा, वक्ता के रुप में साक्षी सिंह ठाकुर मौजूद रही। मुख्य अतिथि अर्चना झा ने कहा कि परिषद द्वारा ऐसा कार्यक्रम करना परिषद की समाज में भूमिका को दर्शाता हैं एवं हमारी बहनों को भी समाज में अधिक प्रबल रूप से भागीदारी की ज़रूरत हैं और जो शिक्षा के माध्यम से हो सकती हैं। वक्ता साक्षी सिंह ठाकुर में कहाँ की रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं को समाज के सामने प्रस्तुत करना हमारे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के हेमांशु कौशिक, वैष्णवी परसाई, रिशु साहू,साक्षी श्रीवास्तव एवं भव्या शुक्ला, उमा पटेल, नेहा पंत, रंजन शुक्ला, सेजल, मधु, तनाज़, अनुष्का, अनन्य, भर्ती सात अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

कार्यक्रम

## बिलासपुर राउंड टेबल का 'लोकल तड़का 3 .0' का भव्य आयोजन आज



**बिलासपुर।** बिलासपुर राउंड टेबल 283, बिलासपुर लेडी सर्कल 144 और बिलासपुर 41 क्लब 123 के संयुक्त तत्वावधान में 12 अक्टूबर को 'लोकल तड़का 3.0' का भव्य आयोजन श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में किया जा रहा है। विशेष अतिथि चेयरमैन अमित बरडिया होंगे। आज हुई बैठक में शिखर सराफ, अंचित भंडारी, रितेश शाह, जीतू वाधवानी, स्वाति सुल्तानिया और मोनिका अग्रवाल उपस्थित रहीं। चेयरमैन शिखर सराफ ने बताया कि 'लोकल तड़का 3.0' एक चैरिटी इवेंट है। इस आयोजन से प्राप्त होने वाले फंड का उपयोग सिरगिट्टी स्थित एक सरकारी स्कूल में चार नए क्लासरूम निर्माण के लिए किया जाएगा। स्वाति सुल्तानिया ने बताया कि कार्यक्रम में फूड स्टॉल, गेम्स ज़ोन, बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं, कपल और फैमिली एक्टिविटीज़ होंगे।

## छात्रों के मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य पर कार्यशाला



बिलासपुर। छात्रों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से "आईना" शीर्षक से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन में किया गया। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चैप्टर तथा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् डॉ कृष्णमोहन कोटरा, प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ द कॉमनवेल्थ कैरिबियन, किंग्सटन द्वारा किया गया। उन्होंने "हेड एंड हार्ट आत्म-जागरूकता की यात्रा विषय पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की समझ होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर में हाल फिलहाल में हुई युवाओं की आकस्मिक दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। डॉ कोटरा ने सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षण के पाँच चरणों आकलन, व्याख्या, सहानुभूति, सामान्यीकरण और कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भावनाओं को पहचानना, उनके कारणों को समझना, दूसरों की भावनाओं से जुड़ना, सभी भावनाओं को सामान्य और स्वाभाविक मानना तथा भावनात्मक समझ के साथ कार्य करना सीखना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मस्तिष्क के सक्रिय और प्रसन्न रहने के लिए पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और पौष्टिक भोजन आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ किरणपाल सिंह चावला ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अंकों से संतुष्ट रहना चाहिए और सीखने की प्रक्रिया का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि वास्तविक सफलता सीखने की खुशी में निहित है। कार्यशाला में शहर के अनेक शिक्षण संस्थानों के निदेशक एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे, जिनमें संदीप गुप्ता, डॉ. अजय श्रीवास्तव, कपिल अग्रवाल, विकास, मनीष जैन तथा ग्रुप कैप्टन वाई श्रीनिवास सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल थे।

### दो सत्रों में आयोजित

पहला सत्र छात्रों के लिए और दूसरा सत्र अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए, जो आईएमए हॉल, सीएमडी कॉलेज चौक, लिंक रोड, बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-जागरूकता, सहानुभूति और भावनात्मक संतुलन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। "आईना" कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना तथा जीवन की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ करने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल बिलासपुर में मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुई।

## संकष्टी चतुर्थी पर वक्रतुंड स्वरूप की आराधना

**बिलासपुर।** शहर के गणेश मंदिरों में शुक्रवार को वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी मनाई गई। इस दौरान भगवान गणेश के वक्रतुंड स्वरूप की आराधना की गई। वक्रतुंड का अर्थ टेढ़ी सूंड वाले गणेश होता है। यह गणपति के अष्टविनायक रूपों में प्रथम है।

गणेश मंदिर रेल्वे में संकष्टी चतुर्थी की पूजा सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक की गई। इसके बाद गणपति हवन 9 बजे तक चला। अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह सरकंडा स्थित गणेश मंदिर में सिद्धि विनायक भगवान की विशेष पूजा आरती की गई ।




गणेश मंदिरों में की गई विशेष, पूजा, आराधना

### भगवान की कृपा से होती है उन्नति

मुद्गल पुराण के अनुसार गणपति ने मत्सरासुर नामक दैत्य का वध करने के लिए यह रूप धारण किया था। दैत्य के क्षमा मांगने पर गणेशजी ने उसे जीवन दान दिया। इस दिन भक्त गणेश भगवान की पूजा, व्रत रखकर विघ्नहर्ता से आशीर्वाद मांगते हैं। गणपति कृपा से व्यक्ति की उन्नति होती है।

### आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 8 नवंबर को



## राम मंदिर में अभिषेक, पूजन



संकष्टी चतुर्थी पर राम मंदिर तिलक नगर में भगवान गणेश का अभिषेक, पूजन किया गया। आज कुल 674 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी का अभिषेक कराया। श्रृंगार श्री श्रीरंग प्रमोद काले ने करवाया। अभिषेक, पूजन का कार्यकम आचार्य मधुसुदन अडवे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, गजानन पेंढारकर, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 8 नवंबर शनिवार को होगा। वहीं तुलसी विवाह का आयोजन 5 नवंबर बुधवार को शाम साढ़े 4 बजे से होगा।

स्पोर्ट्स न्यूज

## डॉ. सीवी रमन विवि में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी महिला स्पर्धा का आगाज

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आज शानदार शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेई विवि,एल एन मिथिला,कलकत्ता की टीम क्वालीफाइंग मैच के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस टूर्नामेंट में 9 राज्यों की 44 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। बलिया, त्रिपुरा, रांची उत्कल, कासी, बनारस, पूर्वांचल की टीमों ने आज अच्छा प्रदर्शन किया।

**बिलासपुर।** विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि आज लड़कियों को आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। खेल आत्मनिर्भरता के लिए भी सबसे बड़ा माध्यम बनकर सामने आया है । इसलिए हमारी बेटियों को खेल में भी कैरियर बनाना चाहिए। हर खेल में लड़कियां बराबरी से मैदान में उतरे।




### प्रतियोगिता का समापन कल

विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि दो दिन पहले ही ईस्ट जोन कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का समापन इसी मैदान में हुआ है। जहां नौ राज्यों के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई । उत्तर प्रदेश की तीन टीमों सहित डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय की टीम ने ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 13 अक्टूबर तक होगी। इस अवसर पर विभिन्न वि वि के क्रीड़ा अधिकारी, वि वि के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष प्राध्यापक, विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# स्टेप अप एसआईपी : बच्चे की पूरी पढ़ाई फ्री, फिर भी 50 लाख बचेंगे

भविष्य | बिजनेस डेस्क

अगर आपको भी बच्चे की पढ़ाई और अन्य खर्च से समय रहते मुक्ति पानी है तो आपके लिए स्टेप अप एसआईपी एक अहम निवेश का विकल्प साबित हो सकती है। इसके जरिये निवेश करने से आपको बड़ी राहत मिलेगी। स्कूल की बढ़ती फीस और हायर एजुकेशन की चिंता अक्सर अभिभावकों को सताती हैं। निवेश के जानकारों का कहना है कि समय रहते इस पर ध्यान दिया जाए तो इस टेंशन को 'बाय-बाय' कहा जा सकता है। इसके लिए आपको एसआईपी के जरिये निवेश करना होगा और इसे बढ़ाते जाना होगा। यह योजना आपके बच्चे की शिक्षा का खर्च उठा सकती है। साथ ही, बच्चे के 22 साल का होने तक आपके पास 50 लाख रुपये से ज्यादा बच सकते हैं। इसके लिए आपको बच्चे के जन्म से हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करनी होगी। इसे 10 साल तक हर साल 10% बढ़ाना होगा। 10 साल बाद कॉन्ट्रिब्यूशन बंद कर देना है। फिर बच्चे की 10 से 22 साल की उम्र तक हर महीने 25,000 रुपये निकालने हैं। यह सब बिना किसी एजुकेशन लोन के संभव है।

## यह दिया सुझाव

99% माता-पिता बिना किसी स्कीम के स्कूल फीस पर लाखों रुपये खर्च करते हैं। 'क्या हो अगर 10 साल की एसआईपी आपके बच्चे की शिक्षा को लगभग मुफ्त में फंड कर सके... और फिर भी उनके सपनों के लिए लाखों छोड़ जाए?' उन्होंने एक स्टेप-अप एसआईपी स्ट्रैटेजी का सुझाव दिया है। यह स्ट्रैटेजी महंगे एजुकेशन लोन की जगह ले सकती है। यह लंबी अवधि की वित्तीय योजना है।

## कैसे काम करती है स्कीम?

यह योजना इस तरह काम करती है। जब आपका बच्चा पैदा हो तब हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी शुरू करें। अगले 10 सालों तक हर साल एसआईपी की राशि को 10% बढ़ाएं। 10 साल पूरे होने के बाद एसआईपी में पैसा डालना बंद कर दें। जब बच्चा 10 साल का हो जाए तब से 22 साल का होने तक हर महीने 25,000 रुपये निकालें। यह पैसा बच्चे की फीस के लिए होगा। इस योजना में 12% सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) मानी गई है।

## क्या है पूरा गणित?

निवेश के गणित के अनुसार, आप 10 साल में कुल 19.12 लाख रुपये का निवेश करेंगे। तब तक यह राशि बढ़कर 32.69 लाख रुपये हो जाएगी। अगले 12 सालों में आप एजुकेशन के लिए कुल 36 लाख रुपये निकालेंगे। इसके बावजूद आपके खाते में 51 लाख रुपये बचे रहेंगे। उन्होंने कहा, 'पैसे निकालते समय भी कंपाउंडिंग काम करती है।' इसका मतलब है कि बचा हुआ पैसा बढ़ता रहता है। इससे भुगतान के दौरान भी धन बढ़ता रहेगा।

## दंग कर देने वाले रिजल्ट

इस योजना की तुलना एजुकेशन लोन से करें। 36 लाख रुपये के एजुकेशन लोन पर 11% ब्याज दर से 10 साल के लिए ईएमआई लगभग 50,000 रुपये प्रति माह होगी। यह एसआईपी से निकाली गई राशि से दोगुना है। इसमें ब्याज का भारी बोझ भी होता है। कौशिक ने कहा कि यह रणनीति आपकी आय वृद्धि से मेल खाती है। उन्होंने बताया, '10 हजार रुपये महीने से शुरू करें और 10वें साल तक आप सालाना 2.8 लाख रुपये का निवेश कर रहे होंगे जो प्रमोशन और वेतन वृद्धि के अनुरूप है।' उनके कुछ सुझाव भी हैं। कम लागत वाले इंडेक्स फंड का उपयोग करें। आपात स्थितियों के लिए हमेशा कुछ लिक्विडिटी बनाए रखें। अपनी प्रगति की सालाना समीक्षा करते रहें। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, '10 साल के लिए एक अनुशासित, स्टेप-अप एसआईपी एक दशक के ओवरटाइम से कहीं ज्यादा कर सकती है।' यह तनाव-मुक्त और स्मार्ट कंपाउंडिंग का तरीका है।

## 100 रुपये प्रॉफिट कमाने के बाद 100 रुपए गंवाने पर भी चुकाने होंगे 30 रुपए

# क्रिप्टो नहीं, टैक्स का मायाजाल पैसे गंवाए तो भी देना होगा कर



निवेश मंत्रा | बिजनेस डेस्क

- सीए ने निवेशकों को बताया क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले नफे-नुकसान का गणित
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं तो इस पर लगने वाले टैक्स के बारे में भी जान लें

अगर आप बाजार में शॉर्ट टर्म निवेश करना चाहते हैं तो आपके कुछ स्कीम बाजार में मौजूद हैं। इनमें रिटर्न भी बढ़िया मिलता है इसे लिक्विड फंड के नाम से जाना जाता है। ऐसे निवेश में पैसा उन सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जिनकी मैच्योरिटी 91 दिनों से अधिक नहीं होती है। निवेशकों का पैसा इसके जरिए मनी मार्केट, शॉर्ट टर्म कॉरपोरेट डिपॉजिट और ट्रेजरी में लगाया जाता है।

देश में कई सालों से लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं। कई तो इससे मोटा मुनाफा भी कमा चुके हैं और कई अपनी जमापूंजी गंवा चुके हैं। लेकिन अब सरकार ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नियम कड़े कर दिए हैं। क्रिप्टोकरेंसी में होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का टैक्स लगता है। खास बात यह है कि आपने क्रिप्टोकरेंसी में 100 रपये का प्रोफिट कमाया और बाद में उसे इसी एसेट्स में गंवा दिया तो भी आपको 30 रुपये टैक्स देना होगा। पिछले कुछ सालों में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। वहीं पिछले साल डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता था। तब से क्रिप्टो में और तेजी देखने को मिली है। इसे देखते हुए अब काफी भारतीय बिटकॉइन, इथेरियम, बाइनेंस, डॉगकॉइन आदि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने लगे हैं। चूंकि क्रिप्टोकरेंसी पर किसी भी सरकार का केंद्रीय बैंक का कंट्रोल नहीं है, ऐसे में इसमें होने वाले प्रॉफिट पर भारत में टैक्स से जुड़े नियम काफी सख्त हैं। दरअसल, क्रिप्टोकरेंसी में टैक्स का नियम कुछ ऐसा है कि इसमें पैसे कमाने पर ही नहीं बल्कि पैसे गंवाने पर भी इनकम टैक्स चुकाना पड़ सकता है। फिर चाहे आपका पूरा पोर्टफोलियो घाटे में ही क्यों ना चल रहा हो। भारत के सख्त क्रिप्टो टैक्स नियमों के तहत, निवेशकों को हर रुपये के मुनाफे पर फ्लैट 30% टैक्स देना होता है, भले ही कुल मिलाकर नुकसान हुआ हो। एक्सपर्ट का कहना है कि यह सिस्टम दुनिया के सबसे कठोर नियमों में से एक है, जिससे भारतीय क्रिप्टो निवेशकों को राहत मिलने की गुंजाइश बहुत कम है। इस टैक्स सिस्टम को लेकर एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपनी राय रखी और क्रिप्टोकरेंसी निवेशकों को अगाह किया है कि इसमें सोच समझकर ही निवेश करें, वरना यह घाटे का सौदा हो सकता है।




### क्रिप्टो टैक्सेशन की बताई सच्चाई

एक सीए ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टो टैक्सेशन की सच्चाई बताई है। उन्होंने पोस्ट के जरिए मैसेज दिया है कि भले ही आपने क्रिप्टो में 100 रुपये गंवाए हों, आपको 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने पड़ सकते हैं। उन्होंने समझाया कि मान लीजिए कि आपने एक ही वित्तीय वर्ष में बिटकॉइन पर 100 रुपये का मुनाफा कमाया, लेकिन इथेरियम पर 200 रुपये का नुकसान उठाया। किसी भी दूसरे निवेश में आपको कुल 100 रुपये का नुकसान होता। लेकिन क्रिप्टो में ऐसा नहीं है। बिटकॉइन से हुई 100 रुपये की कमाई पर आपको 30% यानी 30 रुपये टैक्स के रूप में चुकाने होंगे। फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इथेरियम या किसी दूसरी क्रिप्टो से आपको कितना नुकसान हुआ है। ऐसे में आपको कुल 130 रुपये की चपत लगेगी।

### क्या है क्रिप्टो से जुड़े नियम

- आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच के तहत क्रिप्टो एसेट्स के लिए कुछ खास और कड़े नियम हैं।
- नुकसान की भरपाई नहीं (आप एक क्रिप्टो नुकसान को दूसरे मुनाफे से नहीं काट सकते)।
- नुकसान आगे नहीं ले जा सकते (इसे समायोजित नहीं कर सकते)।
- अधिग्रहण की लागत को छोड़कर कोई कटौती नहीं।
- ट्रेडिंग फीस जैसे चार्ज भी नहीं घटाए जाते
- इथेरियम पर 200 रुपये के नुकसान को अनदेखा कर दिया जाएगा और बिटकॉइन पर हुए 100 रुपये के मुनाफे पर 30% यानी 30 रुपये टैक्स देना होगा।
- कुल मिलाकर 130 रुपये का नुकसान होगा। यहां तक कि ट्रेडिंग फीस, गैस चार्ज, माइनिंग की लागत, या एक्सचेंज कमीशन जैसी चीजें आपके टैक्सेबल मुनाफे से नहीं घटाई जा सकतीं।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल मुद्रा है जो कंप्यूटर नेटवर्क पर सुरक्षित और विकेंद्रीकृत तरीके से काम करती है। यह पारंपरिक मुद्राओं की तरह नहीं है, जो सरकारों द्वारा नियंत्रित और जारी की जाती हैं।

#### विशेषताएं

1. विकेंद्रीकृत : क्रिप्टोकरेंसी किसी एक केंद्रीय प्राधिकरण द्वारा नियंत्रित नहीं होती है।
2. डिजिटल : यह पूरी तरह से डिजिटल रूप में मौजूद होती है।
3. क्रिप्टोग्राफी : सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
4. ब्लॉकचेन : अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित होती हैं।
5. सीमित आपूर्ति : कई क्रिप्टोकरेंसी की आपूर्ति सीमित होती है।

#### प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी

1. बिटकॉइन : पहली और सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी।
2. एथेरियम : स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए जानी जाती है।
3. रिपल : अंतर्राष्ट्रीय भुगतान के लिए उपयोग।
4. लाइटकॉइन : बिटकॉइन का एक वैकल्पिक।
5. कार्डानो : शोध-आधारित ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म।

#### उपयोग

1. डिजिटल भुगतान: ऑनलाइन लेनदेन के लिए।
2. निवेश: कई लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करते हैं।
3. विकेंद्रीकृत अनुप्रयोग : एथेरियम जैसे प्लेटफॉर्म पर।
4. सीमापार लेनदेन: पारंपरिक तरीकों की तुलना में तेज और सस्ता।

#### जोखिम

1. अस्थिरता: कीमतें बहुत तेजी से बदल सकती हैं।
2. सुरक्षा जोखिम: हैकिंग और चोरी का खतरा।
3. नियामक अनिश्चितता: विभिन्न देशों में नियम अलग-अलग हैं।
4. घोटाले: फ्रॉड और स्कैम का खतरा।
5. तकनीकी जोखिम: तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं।

## म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट प्लान या कर्ज चुकाने में लगाएं, जरूरतों के लिए 30%, इच्छाओं के लिए- 30%, वेल्थ बनाने के लिए-40% प्रयोग करें

# दिवाली बोनस का करें सही इस्तेमाल कर सकते हैं अपने लिए बड़ी बचत

तोहफा | बिजनेस डेस्क

*'बोनस को बांटने की प्रक्रिया में परिवार को जरूर शामिल करें, ताकि हर कोई मस्ती और अनुशासन के बीच बैलेंस समझे।' इस तरह समझदारी से खर्च और स्मार्ट निवेश के साथ आपका दिवाली बोनस न सिर्फ त्योहार को खास बनाएगा, बल्कि आपके भविष्य को भी बेहतर बनाने के काम आ सकता है।*

दिवाली को महज कुछ दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में हर साल दिवाली पर ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को बोनस देती हैं। यह बोनस हमारे लिए खुशियों का तोहफा भी होता है, साथ ही अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने का मौका भी। हालांकि अक्सर होता यह है कि जैसे ही बोनस हाथ में आता है, हम शॉपिंग, नई चीजें खरीदने और शौक पूरे करने में पैसा खर्च कर देते हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस पैसे का स्मार्ट उपयोग क्या हो सकता है। इसका आप कहां सही इस्तेमाल कर सकते हैं। कैसे अपनी वेल्थ बना सकते हैं या कर्ज उतार सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से बांटें : सही बैलेंस बनाएं

बोनस को खर्च करने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि इसे दो हिस्सों में बांट लें-एक हिस्सा त्योहार मनाने के लिए और दूसरा भविष्य की जरूरतों के लिए। बाजार के जानकारों के अनुसार बोनस का 50% हिस्सा त्योहार और लाइफस्टाइल पर खर्च करें और बाकी 50% म्यूचुअल फंड्स, रिटायरमेंट या कर्ज चुकाने जैसे लॉन्ग-टर्म गोल्स के लिए रखें। अगर आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारियां हैं, तो तीन हिस्सों में बांट सकते हैं। जैसे:-

- जरूरतों के लिए- 30%
- इच्छाओं के लिए- 30%
- वेल्थ बनाने के लिए- 40%

### जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें।

इसे बांटने का हर किसी का तरीका अलग हो सकता है। 'अपने बोनस को अपनी जिंदगी के स्टेज के हिसाब से बांटें। अगर आपके ऊपर हाई-इंटरेस्ट कर्ज है, तो 60-70% बोनस उसको चुकाने में लगाएं।'




### सेलिब्रेशन के लिए बजट बनाएं

त्योहार की खुशी फाइनेंशियल टेंशन में न बदल जाए इसके लिए सही बजट बनाना जरूरी है। 'पहले अंदाजा लगाएं कि त्योहार में कितना खर्च होगा-गिफ्ट्स, घूमने-फिरने, सजावट, ट्रैवल और धार्मिक रस्मों पर।' इस खर्च को अपने बोनस और रेगुलर इनकम के साथ मिलाकर देखें। इससे आपको एक फिक्स्ड बजट मिलेगा और आप बाकी पैसों को पहले ही निवेश में डालकर अपने गोल्स को प्रायोरिटी दे सकते हैं।

### स्मार्ट तरीके से सेलिब्रेट करें

त्योहारों में ओवरस्पेंडिंग का खतरा हमेशा रहता है। 'बोनस को 'एक्स्ट्रा' पैसा समझकर फूंक न दें।' क्रेडिट कार्ड या पर्सनल लोन लेकर शॉपिंग करना तो बिल्कुल अवॉइड करें, क्योंकि इनके इंटरेस्ट रेट्स बहुत ज्यादा होते हैं और ये कर्ज के जाल में फंसा सकते हैं। बिना कर्ज के सेलिब्रेशन के लिए क्रिएटिव तरीके अपनाएं। 'पॉटलक गैदरिंग्स करें, दीया डेकोरेशन बनाएं या अर्ली-बर्ड ट्रैवल डील्स का फायदा उठाएं।'

### हाई-इंटरेस्ट कर्ज चुकाएं

अपने बोनस का कुछ हिस्सा क्रेडिट कार्ड के बिल, पर्सनल लोन या किसी भी हाई-इंटरेस्ट कर्ज को चुकाने में लगाएं। इससे भविष्य में आपका पैसा बचेगा। 'सबसे पहले अपने कर्ज की लिस्ट बनाएं, सबसे ज्यादा इंटरेस्ट वाले कर्ज को पहले चुकाएं। यहां तक कि आंशिक पेमेंट भी लोन की अवधि और टोटल इंटरेस्ट को कम कर सकता है।' अगर आपके पास महंगा कर्ज है, तो नए निवेश से पहले इसे चुकाना प्रायोरिटी होनी चाहिए।

### निवेश की स्ट्रैटजी

निवेश के लिए ऑप्शन्स आपकी जरूरतों पर निर्भर करते हैं। '3 साल से कम की अवधि के लिए लिक्विड फंड्स या रिकरिंग डिपॉजिट्स में निवेश करें। मीडियम से लॉन्ग-टर्म के लिए डायवर्सिफाइड इक्विटी म्यूचुअल फंड्स या इंडेक्स फंड्स चुनें।' अपने पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन के लिए सोवरेन गोल्ड बॉन्ड्स या गोल्ड ईटीएफ भी जोड़ सकते हैं। महत्वपूर्ण है कि रिटर्न और लिक्विडिटी में बैलेंस बनाएं, ताकि आपका शॉर्ट-टर्म पैसा रिस्क में न आए। दिवाली बोनस आपके फाइनेंशियल गोल्स को तेजी से पूरा करने का मौका है। 'बोनस या तो एक हफ्ते की शॉपिंग में खत्म हो सकता है या सालों तक आपके लिए काम कर सकता है। इसे फाइनेंशियल फिटनेस का बूस्टर समझें।'

# 'फंड ऑफ फंड्स' में करें निवेश, दोनों हाथों में रहेंगे लड्डू

बिजनेस डेस्क

सोना और चांदी की कीमत इस समय रॉकेट की रफ्तार से भाग रही है। वहीं, फेस्टिव सीजन के कारण इसकी कीमत में और तेजी आ सकती है। अगर आप धनतेरस पर सोना और चांदी दोनों में निवेश करना चाहते हैं तो ' कॉम्बो फंड ऑफ फंड्स ' एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकते हैं। दरअसल, इस समय म्यूचुअल फंड कंपनियां निवेशकों को दोनों धातुओं में आसानी से निवेश करने का मौका दे रही हैं। इसके लिए वे डुअल-एसेट पैसिव फंड्स (ऐसे फंड जो सोने और चांदी दोनों में निवेश करते हैं) लॉन्च कर रही हैं। पिछले दो साल में सोने की कीमत करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, औद्योगिक मांग और सप्लाई में कमी के कारण चांदी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में निवेशक महंगाई से बचने और अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए गोल्ड और सिल्वर फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) की ओर रुख कर रहे हैं।

### अलग-अलग निवेश की जरूरत नहीं

डुअल-एसेट पैसिव फंड्स में निवेश के बाद सोना और चांदी, दोनों में अलग-अलग निवेश करने की जरूरत नहीं पड़ती। यानी आप फिजिकल सोना-चांदी खरीदे या अलग-अलग ईटीएफ में निवेश किए बिना दोनों की तेजी का फायदा उठा सकते हैं। इस नई कैटेगरी में चार बड़े फंड्स सामने आए हैं। इनमें कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ, एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ और मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ शामिल हैं।

### 1. कोटक गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

- यह फंड 20 अक्टूबर 2025 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक सिर्फ 100 से निवेश शुरू कर सकते हैं।
- इसका मकसद कोटक गोल्ड ईटीएफ और कोटक सिल्वर ईटीएफ में निवेश करके लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न कमाना है।
- यह एफओएफ एक खास क्वांटिटेटिव मॉडल का इस्तेमाल करता है। यह मॉडल सोने और चांदी की कीमतों के उतार-चढ़ाव के आधार पर अपने आप तय करता है कि किस धातु में कितना पैसा लगाना है।

### 2. मिराए एसेट गोल्ड सिल्वर पैसिव एफओएफ

इस फंड में शुरुआत में 50:50 का आवंटन होता है, लेकिन सोने-चांदी के अनुपात (गोल्ड-सिल्वर रेश्यो) व महंगाई, ग्लोबल ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती जैसे बड़े आर्थिक संकेतकों के आधार पर यह अनुपात बदलता रहता है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो 0.18% है और 7 अक्टूबर 2025 तक इसका एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट- फंड में कुल जमा राशि) 67 करोड़ रुपये था।

### 3. एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड सितंबर 2022 में लॉन्च हुआ था। यह भारत का सबसे पुराना डुअल-मेटल फंड है और हाल के दिनों में धातुओं की तेजी से इसने काफी फायदा उठाया है। इसमें 500 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। यह फंड सोने और चांदी में लगभग बराबर हिस्सेदारी रखता है यानी 49.98% सोने में और 49.83% चांदी में। फंड ने पिछले एक साल में 57.9% का रिटर्न दिया है और पिछले तीन सालों में सालाना 31.97% का रिटर्न दिया है।

### 4. मोतीलाल ओसवाल गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ एफओएफ

यह फंड अक्टूबर 2022 में लॉन्च हुआ था और इसने पिछले दो सालों में एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। यह फंड 69.34% आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल गोल्ड ईटीएफ में और 30.17% निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ में निवेश करता है। इसका एयूएम 244.32 करोड़ रुपये है, एक्सपेंस रेशियो 0.15% है और कोई एग्जिट लोड नहीं है। फंड ने पिछले एक साल में 59.7% का रिटर्न दिया है। वहीं पिछले दो सालों में सालाना 18.1% का सीएजीआर व पिछले तीन सालों में सालाना 11.6% का रिटर्न दिया है।

# एफडी साइलेंट वेल्थ ट्रैप, सिर्फ इससे ही नहीं बन पाओगे अमीर दूसरे विकल्पों पर भी दें ध्यान

अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश को ही असली निवेश समझते हैं तो आप गलत हो सकते हैं। एक एक्सपर्ट ने एफडी में निवेश को 'साइलेंट वेल्थ ट्रैप' बताया है। यानी एक ऐसा जाल जिसमें आप अमीर बनने के लिए जाते हैं, लेकिन अंत में फंस जाते हैं। क्योंकि सिर्फ एफडी में निवेश करके अमीर नहीं बना जा सकता। एक्सपर्ट ने इसका कारण भी बताया है। जानकारों का कहना है कि बड़ा फंड बनाने के लिए सिर्फ एफडी में निवेश करना सही नहीं है। उन्होंने उन लोगों को भी चेतावनी दी है जो एफडी में निवेश को ही असली निवेश समझ लेते हैं। वह बताते हैं कि यह जाल तब बनता है जब लोग अपना ज्यादातर पैसा एफडी में रखते हैं। वे महंगाई के असर और पैसे बढ़ाने के मौकों को नजरअंदाज कर देते हैं। एफडी में आपका पैसा तो सुरक्षित रहता है, लेकिन आपको रिटर्न बेहद कम मिलता है। इसलिए सिर्फ एफडी के भरोसे नहीं रहें। निवेश के लिए एसआईपी जैसे विकल्प भी तलाशे।



# संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में राज्य का पहला हॉस्पिस और पेलियेटिव केयर वार्ड प्रारंभ

**रायपुर।** विश्व हॉस्पिस और पेलियेटिव केयर दिवस के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल द्वारा छत्तीसगढ़ का पहला समर्पित हॉस्पिस एवं स्पेशलिस्ट पेलियेटिव केयर वार्ड व स्टेप डाउन आईसीयू वार्ड का शुभारंभ किया गया। यह शुभारंभ समारोह 11 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में पद्मश्री विधायक अनुज शर्मा, विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू, पार्षद श्रीमती अंजली गोलछा, जितेंद्र गोलछा, व पार्षद श्री ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, केयरगिवर्स एवं हॉस्पिटल के कर्मचारी भी शामिल हुए।

इस विशेष विभाग का नेतृत्व डॉ. अविनाश तिवारी द्वारा किया जा रहा है, जो राज्य के पहले पेलियेटिव मेडिसिन विशेषज्ञ हैं और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई से प्रशिक्षित हैं। इस पहल को डॉ. यूसुफ मेमन, निदेशक, संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल के मार्गदर्शन में साकार किया गया है। डॉ. मेमन ने बताया कि कैंसर उपचार में पेलियेटिव केयर एक अत्यंत आवश्यक परंतु उपेक्षित पहलू है। उन्होंने कहा, "उन्नत अवस्था के केवल 2 प्रतिशत मरीजों को ही उचित पेलियेटिव केयर मिल पाती है, जिसके कारण अधिकांश मरीज अपने अंतिम दिनों में दर्द और मानसिक पीड़ा में रहते हैं जबकि यह पीड़ा सही देखभाल से कम की जा सकती है।" नया विभाग दर्द और लक्षण नियंत्रण, मनोवैज्ञानिक सहयोग, तथा घर-आधारित देखभाल की निरंतरता जैसी सेवाएं



प्रदान करेगा, ताकि मरीज सम्मानजनक और आरामदायक जीवन व्यतीत कर सकें। विश्व पेलियेटिव केयर दिवस के उपलक्ष्य में 9 अक्टूबर को "पेलियेटिव केयर का महत्व" विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता तथा 10 अक्टूबर को क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. अविनाश तिवारी ने कहा, "दर्द अवश्यंभावी है, लेकिन कष्ट वैकल्पिक है।" इस ऐतिहासिक पहल के माध्यम से संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल ने मरीजों और उनके परिवारों के प्रति करुणा, गरिमा और समग्र उपचार की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सिद्ध किया है।

दीपावली सदियों से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व के रूप में मनाई जा रही है। लेकिन अब इसका स्वरूप राष्ट्रीय, आर्थिक और भावनात्मक एकता का रूप ले चुका है। दीपावली की चमक अब केवल तेल के दीयों में नहीं रही बल्कि डिजिटल स्क्रीन, वैश्विक समारोहों, आर्थिक गतिविधियों में भी हर जगह भारत की सांस्कृतिक शक्ति के रूप में झिलमिलाती है।

# धर्म-संस्कृति-आस्था के साथ अर्थव्यवस्था का महापर्व दीपावली









आवरण कथा

शैलेंद्र सिंह

दीपावली अगर पहले के दौर में केवल दीप और पूजा का पर्व था, तो आज यह डिजिटल भारत की संपन्नता और सशक्ति का प्रतीक बन चुकी है। आज हर राज्य, हर भाषा और हर वर्ग के लोग अलग-अलग तरीके से दीपावली को जोरदार तरीके से सेलिब्रेट कर रहे हैं। यह भारत के किसी भी अखिल भारतीय उत्सव का सबसे बड़ा सिंबल है। एक जमाना था, जब गांवों में मिट्टी के दीयों से रोशनी की कतार झिलमिलाती थी। आज उत्तर हो या दक्षिण, पूर्व हो या पश्चिम, देश के सभी शहरों में एलईडी की इंद्रधनुषी झालरें दीपावली के मौके पर संपन्नता की अठखेलियां करती हैं। साथ ही ऑनलाइन दुनिया में डिजिटल ग्रीटिंग्स की भरमार है। दरअसल, दिवाली अब हमारे आर्थिक, सांस्कृतिक वजूद का इंजन बन चुकी है।

## होगी कई लाख करोड़ की खरीदारी

दीपावली अब केवल आस्था का त्योहार नहीं बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का महापर्व है। यकीन न आए तो कुछ आंकड़ों पर गौर कर सकते हैं। साल 2024 की दीपावली तिमाही में खरीदारी तकरीबन 4.5 लाख करोड़ तक पहुंच गई थी। इस साल अनुमान है कि यह आंकड़ा 6 लाख करोड़ तक पहुंचेगा। मतलब बिहार जैसे राज्य के लगभग दो सालों का समूचा सालाना बजट के बराबर दिवाली के मौके पर खरीदारी में खर्च हो जाएगा। अकेले ई-कॉमर्स सेक्टर में ही दीपावली के आस-पास अब तक 90 हजार करोड़ की ऑनलाइन बिक्री हो चुकी है। उम्मीद है कि यह तकरीबन पौने दो से दो लाख करोड़ तक पहुंचेगी। ऑटो मोबाइल्स, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक और ज्वेलरी जैसे क्षेत्र में इस सीजन बिक्री के नए मानदंड रचे जाने हैं। मतलब यह कि दिवाली अब भारतीय अर्थव्यवस्था की धड़कती नब्ज बन चुकी है।

## डिजिटल कंपनियों को भी रहता है इंतजार

यह त्योहार अब केवल धार्मिक नहीं, आर्थिक और सांस्कृतिक एकता का भी बड़ा अवसर बन चुका है। आज दीपावली एक किसान से लेकर स्टार्टअप फाउंडर तक के लिए आर्थिक रोशनी की नई उम्मीद बनकर आती है। इस डिजिटल युग में दीपावली सिर्फ घरों या मंदिरों तक नहीं सीमित बल्कि सोशल मीडिया, डिजिटल क्रिएटिविटी और तकनीकी नवाचार का त्योहार बन गई है। 'हैप्पी दीपावली' कहना या लिखना, हर साल दुनियाभर के ट्रेंडिंग टॉपिक्स में शामिल रहने वाला सबसे हॉट विषय होता है। गूगल और एप्पल जैसी कंपनियां दीपावली का महीनों पहले से इंतजार करती हैं। इस मौके पर विशेष डूडल और थीम्स जारी करती हैं। डिजिटल आर्टिस्ट और कंटेंट क्रिएटर्स दीपावली को भारतीय पहचान का वैश्विक प्रतीक मानते हैं। भारत के स्टार्टअप इस मौके पर विशेष फेस्टिव कैंपेन लांच करते हैं जैसे- मेड इन इंडिया जिसमें एक नया संदेश छिपा होता है। कहने का मतलब यह कि दीपावली अब घर-घर की नहीं बल्कि स्क्रीन-स्क्रीन की रोशनी बन चुकी है और पूरे भारत को एक डिजिटल सांस्कृतिक धारा में जोड़ रही है।




## बन चुका है ऑल इंडिया फेस्टिवल

आज दीपावली भाषा और क्षेत्र की सीमाओं से परे जा चुकी है। जहां पहले लोग कहते थे कि हर राज्य अपने-अपने तरीके से दीपावली मनाता है, वहीं अब देखा जा रहा है कि यह संपूर्ण भारत का एक साझी रंगत वाला त्योहार बन चुका है। मॉल्स, कालोनियां, ऑफिसेस, हाउसिंग सोसायटी आदि सब जगह दीपावली के अखिल भारतीय सेलिब्रेशन के दर्शन होते हैं। आज दिवाली भाषा, धर्म, क्षेत्र और वर्ग की सीमाओं को लांघकर अखिल भारतीय उत्सव बन चुकी है, जो सभी भारतीयों को एक साझा पहचान देती है।

## विदेशों में भी जगमगाती दीपावली

आज दुनिया में ब्रांड इंडिया की चमक का एक हिस्सा जगमग दीपावली भी है। भारत को वैश्विक ब्रांड के रूप में देखें तो दीपावली उसकी सिग्नेचर इमोशन बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई और सिंगापुर में इंडियन दिवाली नाइट आयोजित होती हैं। बुर्ज खलीफा पर भारतीय दिवाली की लाइट शो अब हर साल की परंपरा है। व्हाइट हाउस में, ब्रिटिश पार्लियामेंट और कनाडा में, लेचिसलेचर और दीपावली के दीये जलाना अब ग्लोबल सॉफ्टपावर का प्रतीक है। जरा गौर कीजिए इन आयोजनों के केंद्र में सिर्फ धार्मिकता नहीं होती बल्कि भारतीय आधुनिकता, बहुलता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के दर्शन होते हैं। यह वही आत्मविश्वास है, जो बताता है कि भारत अपनी परंपरा को 21वीं सदी के फ्रेम में फिट करने में सक्षम है।

## आधुनिकता-आर्थिक संपन्नता का प्रतीक

देश के हर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों की चरम स्थिति, छोटे दुकान से लेकर ई-कॉमर्स के दिग्गज तक दीपावली को अपनी ताकत से जोड़ते हैं। इस तरह यह एक फेस्टिवल टेक्नोलॉजीकरण भी है। डिजिटल पेमेंट, ई-गिफ्ट और सोशल मीडिया ने त्योहार को एक साझा राष्ट्रीय अनुभव बना दिया है। इसलिए दीपावली अब भारत का कल्चरल एक्सपोर्ट बन चुकी है, जो भारतीय प्रवासियों के माध्यम से विश्व स्तर पर मनायी जाती है। कुल मिलाकर दीपावली अब महज एक धार्मिक या सांस्कृतिक त्योहार भर नहीं बल्कि यह भारत की आर्थिक ताकत और आधुनिकता का सबसे सशक्त प्रतीक बन चुका है। *

### देश का पावरफुल कल्चरल सुपर ब्रांड

**आज के** दौर में दीपावली आधुनिक भारत का सबसे पावरफुल सुपर ब्रांड बन चुकी है। हर सफल आधुनिक राष्ट्र के पास एक साझा भावनात्मक प्रतीक होता है। जैसे अमेरिका के पास थैंक्स गिविंग, चीन के पास स्प्रिंग फेस्टिवल, जापान के पास चेरी ब्लॉसम फेस्ट, उसी तरह भारत के पास दीपावली जैसा पर्व है। यह त्योहार भारत की सांस्कृतिक निरंतरता और आधुनिक आकांक्षाओं को भी बहुत करीब से व्यक्त करता है। दीपावली आज महज एक सालाना पर्व नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति की गहराई, हमारी तकनीकी उन्नति की चमक, व्यापार की मजबूती, उसकी सक्रियता और सामाजिक एकता की प्रतीक भी बन चुकी है यानी, दिवाली अब केवल धार्मिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय सांस्कृतिक गतिविधि है, जो भारत को परंपरा से प्रगति तक जोड़ने वाला पुल बनाती है। दीपावली आज अखिल भारतीय आधुनिक संस्कृति की धुरी है। हर भारतीय समुदाय हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख अपने-अपने अर्थों में इसे अपनी विरासत का जीवंत हिस्सा मानते हैं।




एक समय तक दीपावली के मौके पर परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों के साथ खेल के तौर पर जुआ खेलने की परंपरा रही। लेकिन हाल के वर्षों में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए गैंबलिंग की लत ने बड़ा सामाजिक-आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। इस बारे में अवेयर रहने की जरूरत है।

# भारी नुकसान दे सकती है ऑनलाइन गेमिंग की लत

अवेयरनेस

एन.के. अरोड़ा

शगुन और परंपरा के नाम पर जिस तरह से हाल के सालों में लोगों द्वारा दीपावली के मौके पर ऑनलाइन जुए का ट्रेंड बढ़ा है, उसके कारण गैंबलिंग की लत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। यह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक चिंता का भी विषय है। परंपरा के नाम पर आजमाई जा रही इस खतरनाक आदत के कारण लोगों की जिंदगी ही आर्थिक संकट से घिर गई है।

**परंपरा के नाम पर ऑनलाइन गेमिंग:** यह मान्यता है कि दीपावली के अवसर पर जुआ खेलना शुभ होता है। इसलिए लोग परंपरा के नाम पर आमतौर पर दीपावली के मौके पर आपस में जुए की गतिविधियों पर हाथ आजमाते हैं। लेकिन कई बार इसके जरिए दीपावली जैसे रोशनी, मेलजोल और खुशियों के त्योहार को परेशानियों का सबब बना लेते हैं। नतीजतन रोशनी के इस त्योहार के ऐन मौके पर उनके घरों में परेशानियों का अंधेरा छा जाता है।

**बुरा एडिक्शन है ऑनलाइन गेमिंग:** दीपावली की रात ही नहीं ऑनलाइन गैंबलिंग ऐसा एडिक्शन बन गया है, जो सामान्य दिनों में भी लोगों की बर्बादी का कारण बन रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुलिस भी इस बुराई पर चाहकर भी प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगा पाती, क्योंकि यह सारी गतिविधि एक स्मार्टफोन की स्क्रीन या किसी डिजिटल एप्स तक सिमटकर रह गई है, जो एक क्लिक के साथ ही हमारी पकड़ से बहुत दूर जा चुकी होती है।





**क्यों-कैसे फंस जाते हैं इस दुष्चक्र में:** पहले जुआ खेलने के लिए ऐसी कोई खास सुरक्षित जगह ढूंढ़नी पड़ती थी, जहां तक पुलिस और समाज पर नैतिक दबाव बनाने वाले लोगों की पहुंच न हो या इन लोगों को यहां तक पहुंचने में मुश्किल हो। लेकिन आज की तारीख में ऑनलाइन गेमिंग या मोबाइल के स्क्रीन पर संपन्न होने वाला जुआ इतना आसान हो गया है कि हम जब चाहें और जहां से चाहें, इसे खेल सकते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि करोड़ों, अरबों के आर्थिक आधार वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां इसके लिए हमें बोनस और विज्ञापन के जरिए ललचाती हैं। साथ ही लोगों को डिजिटल गतिविधियों के जरिए ललचाकर फंसाने वाली कंपनियां 'दिवाली ऑफर', 'लकी स्पिन', 'कैश बोनस', जैसी रसीली बातों से हमें फांसते हैं और देखते ही देखते हम इन पैसे चूसने वाली स्कीमों के चक्कर में फंस जाते हैं। बस एक जीत के जरिए जिंदगी को मालामाल करने की तमन्ना से हम अपने पास जो भी होता है, सब कुछ बड़ी आसानी से गंवा देते हैं और इस तरह धोखे-धोखे में लाखों, करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग में फैले गैंबलिंग के खेल से कंगाल हो जाते हैं।

**गंवा देते हैं हजारों करोड़:** हर साल लाखों लोगों की बर्बाद कहानियों के बावजूद, लोग इनसे सबक लेने की बजाय अगली बर्बाद कहानियों का हिस्सा बनने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक पिछले पांच सालों से हर साल दीपावली के मौके पर अनुमानतः आम लोग 15 से 20 हजार करोड़ रुपए तक इस ऑनलाइन जुए में गंवा बैठते हैं, जो उनकी जिंदगीभर की गाढ़ी कमाई होती है। यही कारण है कि आजकल रोशनी के इस पर्व में हर साल लाखों लोगों की जिंदगी में हमेशा-हमेशा के लिए अंधकार भर जाता है।

**कानूनी स्थिति:** हालांकि पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1867 के तहत जुआ एक सार्वजनिक सामाजिक अपराध है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारी हथेली में अटके मोबाइल की स्क्रीन पर धूम-धड़ाके से चलने वाली जुए की महफिलों पर कानून नहीं लागू होता था। हालांकि इस सबके बावजूद तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग के कई रूपों पर प्रतिबंध लगाया है, बावजूद इसके दिवाली की रात जुए के लिए बेकरार करोड़ों लोगों को यह आंशिक प्रतिबंध बर्बाद होने से नहीं बचा पाते। यही वजह है कि जोर-शोर से लाखों लोग ऑनलाइन गेमिंग पर हर तरह से प्रतिबंध लगाने की बात करते हैं। लेकिन आजादी और लोकतंत्र के नाम पर उतने ही लोग इसे रेगुलेट करने की वकालत करते हैं। यही कारण है कि हर साल लाखों लोगों के ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बाद हो जाने के बावजूद इस पर प्रतिबंध नहीं लग रहा। हालांकि 1 अक्टूबर से देश भर में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 लागू हो गया है। इसमें रियल मनी गेमिंग संचालित करने वाली कुछ कंपनियों और एप्स पर बैन लगा दिया गया है। इसका प्रचार करने वालों पर भी कड़े दंड का प्रावधान है।

**दूर रहने का लें संकल्प:** दीपावली की रोशनी तभी हमारे लिए सार्थक होगी, जब वह हमारे परिवारजनों के चेहरों पर खुशियों का उजास फैलाए, न कि ऑनलाइन गेमिंग के जरिए बर्बादी का अंधेरा छाए। इसलिए इस साल ऑनलाइन गेमिंग से दूरी बनाने के लिए संकल्प लें। *



गजल

अब्दुल कलाम

## मन के फेर हैं बाबा

इधर देखो जिधर देखो मचा अंधेर है बाबा
सलामत दिन निकल जाए तो समझो खैर है बाबा

कोई सूरत तो फिर निकले कि सच का बोल-बाला हो
मगर निकले भी कैसे झूठ इतना दिलेर है बाबा

आग की जद में शहर जो आ गया तो फिर
बचेगा कुछ नहीं हिजरत में फिर क्यों देर है बाबा

मिटाने हम चले हैं देश की फिरका परस्ती को
जहां पर खून के रिश्तों में देखे बैर है बाबा

यहां सर पे कफन हमने ही बांधा वक्त जब आया
वो कहते हैं कि हम उनके लिए अब गैर हैं बाबा

फाइलों में दब के रह जाती है अब फरियाद भी
कोर्ट-कचहरी न्याय सब मन के फेर हैं बाबा

लघुकथाएं

## अनमोल लम्हे

'रिटायरमेंट के बाद निर्माण नगर में ही रहना विनीत। सभी दोस्त साथ में मस्ती करेंगे।' शैलेंद्र ने विनीत से कहा, जब वह किसी काम से निर्माण नगर आया हुआ था।

'हां! देखता हूं।' विनीत ने कहा। पर मन ही मन वह सोच रहा था कि क्या है इस शहर में? दिल्ली में जिस सोसाइटी में वह रहता है, वहां कितना अच्छा पार्क है, जिम है, स्विमिंग पूल है। हर अवसर पर कुछ न कुछ बढ़िया कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। अच्छा जीवन कटेगा वहां। यही सब सोचकर रिटायरमेंट के बाद विनीत निर्माण नगर के बजाय दिल्ली में ही बस गया। सुबह मॉर्निंग वॉक, फिर जिम और उसके बाद स्विमिंग। बीच-बीच में सोसायटी की मीटिंग और अकसर तरह-तरह के कार्यक्रमों में शामिल होना। विनीत का यही रूटीन हो गया था। वह सोचने लगा कि जीवन का पूरा मजा वह ले रहा है।


कुछ समय बाद उसे किसी काम से फिर निर्माण नगर जाने का मौका मिला। तब तक उसके अधिकांश दोस्त रिटायर हो चुके थे। उसने देखा कि सुबह-सुबह कई दोस्त मॉर्निंग वॉक पर इकट्ठे होते हैं। फिर शुरू होती हैं बचपन की बातें और हंसी-ठहाके। कोई अपने टीचर के नकल उतारने वाली हरकत के बारे में बताता तो कोई एक-दूसरे के साथ की जाने वाली शैतानियों के किस्से सुनाता। और भी कई तरह-तरह की बातें वे सब आपस में करते हैं। इसी तरह शाम को भी सारे दोस्त इकट्ठे हो जाते और फिर शुरू हो जाता ठहाकों का दौर। दिल खोल कर हंसते थे सभी दोस्त। ऐसा लगता मानो फिर से वे बचपन की मस्ती का आनंद लेने लगे हों।

अपने दोस्तों के मस्ती भरे अंदाज को देखकर विनीत सोचने लगा वैसे तो दिल्ली में जीवनशैली और सुख-सुविधाएं यहां से बेहतर हैं, पर बचपन के दोस्तों के साथ यह मौज-मस्ती वहां नहीं मिल पाती है। विनीत ने मन ही मन खुद से कहा, 'सच में ये आनंद भरे पल अनमोल हैं।' *

-विनय कुमार पाठक



## फॉलोवर्स




आदित्य ने सुबह नींद से जगते ही अपना इंस्टा अकाउंट चेक किया। 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख हो गई है।' मोबाइल पर नोटिफिकेशन था। आदित्य जोश में आ गया। मुट्ठियां बंद कर हाथों को झटकते हुए कहा, 'यस!' वह काफी दिनों से अपने इंस्टा अकाउंट पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने की कोशिश में लगा हुआ था। आदित्य मुंबई में रहता है। उसका टू बीएचके फ्लैट है। कुछ वर्ष पहले उसके मम्मी-पापा की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह उनकी अकेली संतान है। बस उसके दादाजी हैं, जो मुंबई से दूर एक गांव में रहते हैं। जब तक मम्मी -पापा रहे तब तक वह उनसे मिलने जाता था। उसके बाद वह कभी गांव नहीं गया। अभी वह अपना मोबाइल देख ही रहा था कि दरवाजे की घंटी बजी। उसने जाकर दरवाजा खोला। सामने एक बुजुर्ग आदमी थे।

'जी कहिए..।'

'तुम निशिकांत के पोते आदित्य हो?'

'जी, आप कौन?'

'मैं दयाल! निशिकांत ने मुझे भेजा है। उसकी तबीयत बहुत खराब है। शायद अब ज्यादा जीवित न रहे। मरने से पहले तुमको देखना चाहता है। मेरे साथ अभी गांव चलो।'

'अभी! एकदम से?'

'हां, नहीं तो शायद तुम अपने दादाजी को आखिरी बार भी ना देख सको।'

'देखिए, अभी मेरे पास बहुत सारे जरूरी काम पेंडिंग हैं। ऐसा करिए, आप जाकर उनसे कह दीजिएगा, मैं रविवार को आऊंगा। हां मेरा मोबाइल नंबर भी लेते जाइए। मुझे फोन पर दादाजी से बात करा दीजिएगा।'

दयाल निराश होकर वापस लौट गए। आदित्य चंद मिनटों तक दादाजी के बारे में सोचता रहा। जैसे ही उसे फॉलोअर्स का ख्याल आया वह उन्हें भूल गया। उसके हाथ तेजी से मोबाइल पर चलने लगे। अगले दिन सुबह-सुबह उसके पास फोन आया, 'तुम्हारे दादाजी नहीं रहे।' दयाल की ही आवाज थी।

'ओह! मैं आता हूं।' आदित्य ने कहा। उसने फौरन अपने बैग में दो जोड़ी कपड़े लिए और गांव के लिए रवाना हो गया। करीब पांच-छह घंटे का रास्ता था। मगर जिस ट्रेन में वह बैठा था, वह जगह-जगह रुक रही थी। छह घंटों में वह आधे रास्ते भी न पहुंच सका। अगले स्टेशन पर पहुंचकर वह ट्रेन से उतर गया और गांव जाने वाली बस पकड़ ली। मगर दुर्भाग्य कि बीच में सड़क धंसने से बस आगे न जा सकी। गांव अब भी तीस किलोमीटर दूर था। वह बाइक सवारों से लिफ्ट लेता हुआ किसी तरह गांव पहुंचा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूरज ढल चुका था। अंधेरा हो रहा था। हर ओर सूनापन फैल रहा था। दादाजी के घर के दरवाजे पर कुछ महिलाएं खड़ी थीं। उसने उनसे दादाजी के बारे में पूछा।

'हमें लगा अब तुम नहीं आओगे। इसलिए गांव वाले उनको श्मशान घाट ले गए।' वह श्मशान घाट की ओर दौड़ा। उसके दादाजी का शव चार लोग अपने कंधे पर उठाए चले जा रहे थे। पीछे-पीछे ढेर सारे गांव वाले थे। वह वहीं ठिठक गया। उसे तो लगा था, उसके बिना दादाजी को भला कौन कंधा देगा। मगर यहां तो पूरा गांव है दादाजी के पीछे। गांव वालों ने चिता सजाई और दादाजी का शव अग्नि को समर्पित कर दिया। आदित्य भीड़ के पीछे ही ठिठका रहा, आगे नहीं आया। तभी उसके मोबाइल पर नोटिफिकेशन आया 'बधाई हो! आपके फॉलोवर्स की संख्या एक लाख दस हजार हो गई है।' *

-सरस्वती रमेश

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जिंदगी@मगनपुर इस्टेट

वरिष्ठ कथाकार गोविंद उपाध्याय का तीसरा उपन्यास 'जिंदगी@मगनपुर इस्टेट' हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इस नॉस्टेल्जिक उपन्यास का मुख्य पात्र एक बुजुर्ग शख्स विमान भौमिक है, जो मगनपुर इस्टेट में बिताए अपनी किशोरावस्था के दिनों को याद करता है। लेकिन उसमें कहीं भी भावुकता का अतिरेक या पुराने दिनों के प्रति मोह की सांद्रता नजर नहीं आती है। वो खिलंदड़े अंदाज में बीती हुई घटनाओं को याद करता है। पिछली सदी के सातवें-आठवें दशक के बीच की पृष्ठभूमि पर रचा गया यह उपन्यास, उस दौर के मध्यवर्गीय परिवार के किशोरों की जीवनशैली, उनके सपने, उनकी बचकानी हरकतें और छोटी-छोटी खुशियों को भी बटोर लेने की उनकी ललक को बहुत रोचक तरीके से सामने लाता है। हालांकि इस उपन्यास का कथानक और उसमें उपस्थित सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन जो भी लोग लेखक को व्यक्तिगत रूप से जानते हैं, वो सहज ही इस उपन्यास के कथा-तंतुओं से वास्तविक छवि को बुन सकते हैं। लेखक के किस्सागोई के अंदाज में पाठक को बांधे रखने का जादुई सामर्थ्य है। *




**पुस्तक:** जिंदगी@मगनपुर इस्टेट (उपन्यास)
**लेखक:** गोविंद उपाध्याय, **मूल्य:** 299 रुपए,
**प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### आज कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे सिंघार

**मोपका।** कांग्रेस संगठन सृजन के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नियुक्त पर्यवेक्षक उमंग सिंघार कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष के चयन के लिए फीडबैक ले रहे हैं। इसी क्रम में सिंघार रविवार 12 अक्टूबर को वार्ड 49 स्थित तुलसी भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और बेलतरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बेलतरा, रतनपुर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर चर्चा करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस बेलतरा के पूर्व अध्यक्ष साखन दर्वे ने सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनो व कार्यकर्ताओं से बैठक में समय पर पहुंच कर अपनी राय साझा करने का आग्रह किया।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**सकरी।** फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स समिति बिलासपुर की ओर से पेंशनर्स एवं उनके परिवार हेतु रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना भवन में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजन किया गया है। इसमें एमडी डॉ आशीष गहवई, स्किन, कॉस्मेटिक, हेयर एवं लेसर विशेषज्ञ डॉ. दीपिका साहू, नेत्र विशेषज्ञ डॉ एल सी मढ़रिया, योग प्रशिक्षक सुश्री मोनिका पाठक, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ श्वेता मित्तल एवं दंत चिकित्सक विशेषज्ञ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देंगे। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के कार्ड भी बनाए जाएंगे। उक्तशय की जानकारी फोरम के महामंत्री ने दी है।

### संघ का विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन आज

**सीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल सीपत की ओर से विजयादशमी उत्सव का आयोजन रविवार को आज आत्मानंद स्कूल प्रांगण में किया जा रहा है। इस अवसर पर संघ के स्वयं सेवक भव्य पथ संचलन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला सह बौद्धिक प्रमुख सुनील चौहान और बतौर मुख्य अतिथि जांजी सरपंच राजेन्द्र पाटले की उपस्थिति रहेगी। आयोजन के तहत दोपहर 1:30 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा एवं दोपहर 2:30 बजे से पथ संचलन प्रारंभ होगा। यह जानकारी दीपक गुप्ता ने दी।

### पानी निकासी को लेकर पड़ोसी के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** टेपनल से पानी निकासी की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खम्हरिया निवासी वाशु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 अक्टूबर की रात 9 बजे उसके पड़ोसी जलेश ठाकुर और पुष्पराज टेपनल की पानी निकासी को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। जब वाशु ने ऐसे करने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### विधायक मरपच्ची को मातृ शोक पर वित्त मंत्री ने जताया शोक



**बिलासपुर।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपची की माता श्रीमती चन्दन बाई का निधन हो गया। उनके निधन पर शोक जताते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

## निधन

### सत्यजीत डे



**बिलासपुर।** दुर्गानगर लिंगियाडीह निवासी सत्यजीत डे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया वे गणेश चन्द्र डे के सुपुत्र व गोपीनाथ डे के भाई, सुदीप डे, सुशांत डे के पिता थे।

---

### श्रेष्ठी कुर्मी समाज ने किया कुर्मी तिहार का आयोजन

# कुर्मी समाज की सांस्कृतिक विरासत गौरवशाली: धर्मजीत

**20 लाख के कार्यों का भूमिपूजन, 25 लाख के नए कार्य स्वीकृत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

समाज में एकता और जागरूकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है, आपका समाज जिस प्रकार से संगठित होकर सामाजिक विकास की दिशा में अग्रसर है, वह सराहनीय है। कुर्मी समाज की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत गौरवशाली रही है, कृषि कार्य में अग्रणी रहने के साथ ही समाज के बच्चों को जिस तरह उच्च शिक्षा देकर देश की प्रगति में प्रमुख योगदान आप दे रहे हैं, निश्चित ही ये अन्य समाज के लिए प्रेरणादायक है।

उक्त बातें ग्राम देवरीखुर्द में श्रेष्ठी कुर्मी विकास समिति की ओर से आयोजित कुर्मी तिहार में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। इस मौके पर उन्होंने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया एवं अपने विधायक मद से स्वीकृत समाज के सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया एवं सामुदायिक भवन के विस्तारीकरण के लिए 25 लाख की नवीन घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के अध्यक्ष घनश्याम कौशिक ने कहा कि, हमें अपनी जड़ से जुड़े रहकर आधुनिक युग के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है। हमें समाज को और भी शिक्षित कर अपनी विशिष्टता में विविधता लानी है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, समाज की मांग पर पूर्व में विधायक ने 20 लाख की घोषणा की थी, जिसका आज भूमिपूजन उन्हीं के हाथों हो रहा है। साथ ही हमारे निवेदन पर फिर 25 लाख के नए विकास कार्य की स्वीकृति उनके विकासकारी सोच को दर्शाती है।




कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धर्मजीत सिंह एवं समाज के लोग।

कार्यक्रम को लखनलाल कौशिक, जयलाल कौशिक, समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवबालक कौशिक, पूर्व सरपंच विनोद कौशिक, दिनेश कौशिक, सरपंच रामकुमार कौशिक, सती कौशिक, इंद्राणी कौशिक, अधिवक्ता मनीष कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बिहारीलाल कौशिक एवं आभार प्रदर्शन समाज के सचिव बसंत कश्यप ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भुनेश्वर कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद कौशिक, आशीष कौशिक, शैलेन्द्र कौशिक, प्रफुल्ल कौशिक, भूपेंद्र कौशिक, रमाशंकर कौशिक, विष्णु कौशिक, सुनील कौशिक, राजेन्द्र कौशिक, बद्रीप्रसाद कश्यप, मनोज कौशिक, हनुमान कौशिक, गौरीशंकर कौशिक, भागबली कौशिक, राजेश कश्यप, परमानंद कौशिक, रामकुमार कौशिक, बलराम कौशिक, संतोष कौशिक, रोहित कौशिक, अर्जुन कौशिक, श्रवण कौशिक, देवी कौशिक, अनुपम कौशिक, यतीन्द्र कौशिक, सूर्यकांत कौशिक, अनिल कौशिक, धनीराम कौशिक, सुरेश कौशिक, रतनलाल कौशिक सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

---

# वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श को पुनर्स्थापित कर भारत को आत्मनिर्भर बनाना हम सबका कर्तव्य: कौशिक

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर चकरभाठा स्थित उत्तम इन में चारों मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

श्री कौशिक ने इस बैठक में विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, साथ ही उन्हें इन अभियानों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। सभी वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रतीक बताया।सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने एवं संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाए जा रहे ऐतिहासिक कदमों और दूरदर्शी निर्णयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा

- **आत्म निर्भर भारत विषय पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक**



बैठक में शामिल विधायक धरमलाल कौशिक व भाजपा कार्यकर्ता।

कि आत्मनिर्भर भारत अभियान' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी दर्शन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अवतरित होकर अपनी छवि को निखार सकेगा।

इस अभियान को सफल बनाकर भारत अपनी बुलंदियों और उपलब्धियों को छूटे हुए सदियों पुरानी अपने 'वसुधैव कुटुंबकम्' के आदर्श को पुनर्स्थापित कर पूरे विश्व को प्रभावित कर सकेगा। इस अभियान के अंतर्गत देश की अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी, जनसांख्यिकी तथा मांग की अवधारणा संबंधी पहल से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित अन्य देशी उद्योगों का जीर्णोद्धार होगा और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से बेरोजगारी से जूझते देश की युवा शक्ति को अपनी बुद्धि और कौशल को प्रदर्शित करने का एक अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा बताया कि स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए दो विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसमें स्वदेशी रील्स, भाषण, व्यापारी सम्मेलन, सेमिनार, पदयात्रा, विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, महिला सम्मेलन और छोटे दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से जुड़ी गतिविधियां शामिल होंगी। यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा. इसका बहुत बड़ा असर आत्मनिर्भर भारत को बनाने में होगा. इच्छा और दृढ़ संकल्प के साथ हम 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करेंगे. इसमें सबकी भूमिका होगी।

---




# पत्रकारों ने दरगाह में चढ़ाई चादर, मांगी अमन-चैन की दुआ

**सीपत।** बाबा सैय्यद इंसान अली के 67वें सालाना उर्स के मौके पर लुतरा शरीफ की दरगाह पर श्रद्धा और भाईचारे का अनोखा नजारा देखने को मिला।

सीपत प्रेस क्लब के पत्रकारों ने दरगाह पहुंचकर बाबा साहब की मजार पर चादर चढ़ाई और क्षेत्र की खुशहाली, अमन-चैन और आपसी सौहार्द की कामना की। उर्स कमेटी की ओर से आए पत्रकारों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों को मोमेंटो और पारंपरिक साफा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने कहा कि, बाबा साहब हर धर्म, हर मजहब, हर जाति के लोगों को एक समान स्नेह से अपनाते हैं। उनकी दरगाह इंसानियत और कौमी एकता की जीवंत मिसाल है। इस दौरान प्रेस क्लब सीपत के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, उपाध्यक्ष कोमल पाटनवार, सचिव देवेश शर्मा, कासिम अंसारी, हिमांशु गुप्ता, मो नजीर, हरीश गुप्ता एवं ओमगिरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

# शुक्ल कॉलेज में स्वीप के तहत हुए कार्यक्रम

**सीपत।** शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति विषय पर परिचर्चा से हुई, जिसका संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं स्वीप प्रभारी डॉ शुभ्रा मिश्रा ने किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतंत्र की मूल भावना, चुनावी राजनीति की चुनौतियों और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिनभर चले कार्यक्रम के अंत में मतदाता सूची




में नाम जोड़ने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक की तैयारी एवं मंच संचालन एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर शत्रुघ्न घृतलहरे के मार्गदर्शन में किया गया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक प्रशांत यादव, दीपक राठौड़, लक्ष्मीन साहू, लक्ष्मीन पटेल, विकास पटेल, नेहा साहू, सत्यवान, नरेंद्र कुमार, सुहानी मझारे, रश्मि ठाकुर सहित अनेक विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम को विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ रघुनंदन पटेल, डॉ एमडी स्वर्णकार, प्रो श्वेता पांडे, वरिष्ठ प्राध्यापिका नीना वखारिया, डॉ राम प्रसाद चंद्र, डॉ हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, जीवन प्रभाकर गोरे, धनंजय टंडन, विमल तिवारी एवं दीपेश जोशी शामिल रहे। अंत में स्वीप प्रभारी डॉ शुभ्रा मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 92 पाव अवैध देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** स्कूटी के माध्यम से अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने 92 पाव देशी प्लेन शराब व स्कूटी जब्त कर ली। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर असामाजिक तत्वों एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों के विरूद्ध 'ऑपरेशन बाज' चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 10 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली, कि एक व्यक्ति स्कूटी सीजी 28 एस 5478 में भारी भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए ले जा रहा है। सूचना पर सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने से ग्राम लिलवाकापा चौक के पास घेराबंदी आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने कनौजिया निवासी आरोपी मनीष शर्मा पिता उम्र 41 वर्ष के के कब्जे से




92 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 7 हजार 360 रूपए एवं एक स्कूटी कीमती 1 लाख रूपए सहित कुल 1 लाख 7 हजार 360 रूपए का सामान वाहों के समक्ष जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59 क के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। साथ ही जब्त की गई स्कूटी क्रमांक सीजी 28 एस 5478 को राजसात करने पृथक से प्रतिवेदन भेजा गई। आरोपी मनीष शर्मा के विरूद्ध पूर्व मे भी आबकारी, जुआ के प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

---

# किचन शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए नीलम ने की राशि की घोषणा

**बिलासपुर।** नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 में साहू समाज के नवनिर्मित भवन परिसर में किचन शेड निर्माण की मांग पार्षद रोहित साहू, राजा साहू ने नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा से की थी।

पार्षदों की मांग पर अध्यक्ष ने सहमति देते हुए किचन शेड निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की घोषणा की। इसके लिए समाज के वरिष्ठजन प्रहलाद साहू गुरुजी, भरत साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद राजा साहू, संतोष साहू, धन्नू साहू, विष्णु साहू को अनुशंसा पत्र दिया। वार्ड एक के पार्षद अतुल धुरू ने वार्ड की जल समस्या के समाधान के लिए एक नग बोर खनन की मांग की थी, जिस पर अध्यक्ष ने डेढ़



लाख रुपए, वार्ड क्रमांक तीन के पार्षद सभापति फिरतुराम बनवारे की मांग पर आम्बेडकर चौक पर चबूतरा निर्माण हेतु दो लाख, वार्ड क्रमांक पांच पार्षद सभापति प्रीति मरावी की मांग पर गोड़वाना भवन में एक नग बोर खनन हेतु डेढ़ लाख, वार्ड सात में सभापति भावना खत्री द्वारा वासु मंगलम के सामने सीसी रोड निर्माण हेतु दो लाख रुपए की मांग पर राशि की अनुशंसा अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को संदेश दिया कि सब को साथ मिलकर नगर पालिका बोदरी का विकास करना है।

### धारदार हथियार दिखा कर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**तखतपुर।** धारदार हथियार लहराते हुए लोगों को डरा-धमका कर दहशत फैलाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, मोढ़े चौराहा के पास एक व्यक्ति धाररदार हथियार लहराते हुए आम लोगों में भय उत्पन्न कर रहा है। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और धारदार चाकू दिखाकर लोगों में दहशत पैदा करने



वाले आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अंकित यादव उर्फ लक्की पिता महेश यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भिलौनी बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक लोहे का धारदार हथियार बरामद हुआ, जिसे जप्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

# कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए जांगिड़

**नगर में विभिन्न स्थानों पर किया भ्रमण**

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने नगर के विभिन्न स्थलों में घूम-घूम कर 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने में कहा कि, भाजपा की सरकार वोट चोरी से ही बनती है।

वहीं नगर पालिका के अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान जन मानस तक पहुंच गया है। हमने नगर में भी एक माहौल तैयार किया है, अब गद्दी तो छोड़ना ही पड़ेगा। वहीं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा कि, हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से पूरे नगर से 3 हजार लोगों का हस्ताक्षर कराया जाएगा, और प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा। इस अवसर पर आत्मजीत सिंह मक्कड़, नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष




पुष्पा श्रीवास, अजय देवांगन, शिवबालक कौशिक, समीर अहमद, अभ्युदय तिवारी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, पार्षद मुन्ना श्रीवास, अनुपमा पांडेय, शैलेन्द्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत हुरा, परमजीत हुरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, पूजा गुप्ता, जितेन्द्र राज, अभिषेक पाण्डेय, मो अजमत हुसैन, राजेश बंजारे, रमन हुरा, लक्ष्मी यादव सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

---

# देवेन्द्र ने जन्मदिन पर लिया महामाया का आशीर्वाद



**बिलासपुर।** बिल्हा विधानसभा के युवा नेता व बिलासपुर जिला भाजपा मंत्री डॉ देवेन्द्र कौशिक ने अपने जन्मदिन पर रतनपुर में महामाया की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। श्री कौशिक अपने मित्रों, कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रमों में शामिल हुए। निज निवास परसदा में भी बड़ी संख्या में साथी, शुभ चिंतकों एवं शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान डा. देवेन्द्र सभी से मिले और आभार व्यक्त कर किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सागर बंजारे, संदीप वर्मा रविन्द्र पाटनवार, भृगु अवस्थी, इन्द्रजीत क्षत्रिय, रितेश अग्रवाल, देव साहू, नरेश शुक्ला ,विपीन वर्मा, संतोष कश्यप, विजय श्रीवास चंद्रेश सौरभ जांगड़े पेगन वर्मा ,लव श्रीवास हरीश साहू, लक्ष्मण यादव, मोनू यादव आदि मौजूद थे।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती स्वालेहा परवीन पति असलम खान, निवासी कुम्हारपारा गली, तालापारा, बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर तथा उनके निर्देशानुसार यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ कि मौजा तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 213/4 रकबा 850 वर्गफुट जिसको मेरे पक्षकार द्वारा हयात अली खान पिता सफीर मोहम्मद निवासी तारबाहर, डीपूपारा बिलासपुर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 31.03.2010 द्वारा क्रय किया गया था जो कि उप पंजीयक कार्यालय बिलासपुर के ग्रंथ क्रमांक 17552, पृष्ठ क्रमांक 11 से 20 तथा दस्तावेज क्रमांक 6748 में दर्ज है यह कि उक्त बैनामे की मूल प्रति रख-रखाव के दौरान कहीं गुम हो गयी है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट मेरे पक्षकार द्वारा थाना सिविल लाईन बिलासपुर में दिनांक 07.10.2025 को दर्ज करायी गयी है।

अतः उपरोक्त गुम हुए बैनामे के संदर्भ में यदि किसी वित्तीय संस्थान, सरकारी, गैर सरकारी बैंक अथवा व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में आकर दर्ज करा सकते हैं।

सो सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 11.10.2025

भवदीय
बैकुण्ठनाथ श्रीवास्तव अधिवक्ता
बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9907936803

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे मुवकिल संजय सिंह राजपूत (HUF) कर्ता संजय सिंह राजपूत बिलासपुर द्वारा गोरे लाल साहू पिता ननकी राम साहू निवासी-मकान no 143, सरस्वती शिशु मंदिर के पास, गांधी चौक, पोस्ट-सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व हक की कृषि भूमि स्थित म.न. 04, प.ह.न. 45 तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर, हंसा लाइफ से लगी हुई भूमि खसरा नम्बर 321, रकबा 0.89 एकड़ खरीदने का पक्का सौदा हुआ हैं जिसमें मेरे मुवकिल द्वारा ब्याना राशि चेक क्रमांक 000659 तारीख़ 06/09/2025 को एवं नगद दिया जा चुका हैं, इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को भी, यदि किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से एक सप्ताह के भीतर, मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं, समयावधि के उपरांत की गई आपत्ति अमान्य होगी, सो सूचना जाने।

अधिवक्ता
प्रतुष तिवारी
बिलासपुर
मो. 7909333555,9229291570

### शपथ पत्र

मैं, विमला बाई राजपूत आयु 43 वर्ष पति चिंतामणी राजपूत, निवासी वार्ड नं. 08 रहसबेड़ा कला छुरीकला कोरबा (छ.ग.) की हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं - 1) यह कि मैं ऊपर वर्णित नाम एवं पते की निवासिनी हूं। 2) यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नंबर- 9826 8307 2296 पर मेरा नाम-विमला बाई राजपूत आयु 43 वर्ष पति चिंतामणी राजपूत दर्ज है तथा मेरे शैक्षणिक दस्तावेज पर मेरा नाम संध्या देवी पिता श्री राम सजीवन सिंह अंकित है। 3) यह कि मेरे भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी संख्या-383316693 पर मेरा नाम संध्या राजपूत दर्ज है, जो कि मेरे विवाह के बाद का नाम है, तथा इसी नाम से पूर्व में अपने आधार कार्ड पर नाम परिवर्तन करा चुकी हूं। 4) यह कि मैं अपनी जीवन बीमा पॉलिसी में दर्ज नाम-संध्या राजपूत के स्थान पर अपना सही नाम-विमला बाई राजपूत के नाम से सुधार कराने हेतु यह शपथपत्र अपने उपरोक्त नाम विमला बाई राजपूत एवं संध्या राजपूत एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है। एल.आई.सी. क्रमांक-383316693 संध्या राजपूत है उसे विमला बाई राजपूत के नाम से किया जाए। 5) यह कि वर्तमान में से अपने पति के साथ निवासरत है तथा हमारे पति-पत्नि के बीच मधुर संबध है।

शपथकर्ता-विमला बाई राजपूत

### न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर बिलासपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र......./ब-121/2024-25
पक्षकार रमेश साहू पिता पंचु साहू
विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन
ग्राम विजयपुर, प.ह.नं. 04
तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम विजयपुर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश साहू पिता पंचु साहू जाति तेली निवासी ग्राम विजयपुर तहसील तखतपुर द्वारा अपने पिता पंचु साहू के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु ग्राम पंचायत विजयपुर जनपद पंचायत तखतपुर में जन्म-मृत्यु की प्रविष्टि संबंधित रजिस्टर में दर्ज किये जाने के लिए आदेश हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा अपने पिता पंचु साहू के मृत्यु की तिथि 10.5.1987 होने का हवाला देते हुए शासकीय योजनाओं के संदर्भ में आवश्यकता होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु रमेश साहू द्वारा प्रदत्त अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा-आपत्ति पेश करना चाहते है तो वे अपना दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 13.10.25 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 29.9.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि भूमिस्वामी जगदीश उर्फ बजरंग प्रसाद साहू पिता स्व. श्री कंगलू राम साहू, उम्र 66 वर्ष, जाति साहू, व्यवसाय कृषि, निवासी वार्ड नं. 52, पुराना बस्ती, राम भवन, लिंगियाडीह, बिलासपुर के स्वत्व, स्वामित्व की भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा खमतराई पट.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी, तह. एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत खसरा नम्बर 729/3 रकबा 0.91 एकड़ स्थित हैं, जो कि उनके नाम पर संबंधित राजस्व अभिलेखो पर दर्ज हैं, जिसे उपरोक्त भूमिस्वामी मेरे आसामी दक्ष डेवलपर्स, भागीदार बृजेश साहू के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके एडवांस के रूप में 25 लाख रूपये जरिए कोटक महिन्द्रा बैंक चेक क्रमांक 000020 के द्वारा प्राप्त कर चुके हैं। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में भूमिस्वामी द्वारा पंजीयन हेतु लगने वाले समस्त दस्तावेज बी-1, खसरा, मिसल, बंदोबस्त, सीमांकन के पश्चात होना निश्चित हैं, यदि उक्त खसरा नं. की भूमि के विक्रय के संबंध में किसी बैंक, निकाय, संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय, अर्धशासकीय, महाजन, किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति या ऊजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर सपूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व अमान्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा। सो सूचना जानें।

दिनांक: 10-10-2025 स्थान-बिलासपुर
सहमतिदाता - जगदीश उर्फ बजरंग प्रसाद साहू

भवदीय
Lavkush Kumar Sahu
Advocate
Enrollment No. C.G./84/2015
Unique Code-2410
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur (C.G.)
Mob. No. 9893837240


इलेक्ट्रानिक्स बर्ड
धनतेरस एवं शादी की बुकिंग इसी ऑफर में करवा सकते हैं
MEGA FESTIVE OFFER
JEETO लाखों KE इनाम
जीएसटी भी कम
रेट भी कम
GREAT SAVING TIME
Prebook Your Appliances, Limited Stocks
1st
जीतो 101 इनाम
2nd
Free Neckband | Apple airpods | Ultra smart watch | Trimmer
निश्चित उपहार
75" 120Hz
Led Qled Gaming TV 64990/-
43" + 32" Smart LED TV
एक के दाम में दो एलईडी
Combo Offer Price 16,990/-
EMI स्कीम
43" LED TV 590/- EMI
65" LED TV 2490/- EMI
Washing Machine 890/- EMI
Dishwasher 1922/- EMI
Fridge 2490/- EMI
AC 1922/- EMI
Deep freezer 16990/-
Visi cooler 1999/- EMI
2 ton Ac 3 Star Inverter मात्र 34990/- में
Chimney 90 cm Auto Clean मात्र 11990/- में
Indiction मात्र 1490/- में
10 litter Geyser मात्र 3490/- में
32" Xiomi Led TV मात्र 9990/- में
Zebronics Soundbar मात्र 1999/- में
Amstrad Ac मात्र 23990/- में
Bajaj Mixer Grinder 3 Jar मात्र 1899/- में
KENT R.O. मात्र 9990 /- में
7 kg Washing Machine मात्र 7590/- में
Air Fryer Digital 4.2 Litter मात्र 2999/- में
Smart Watch मात्र 499/- में
Trimmer मात्र 199/- में
Airpods मात्र 499/- में
Neckband मात्र 199/- में
Party Speaker with mic मात्र 1990/- में
*T&C Apply
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
IDFC FIRST Bank
Upto 10,500/- CASH BACK
•सिर्फ आधार कार्ड से 3 मिनट में फायनेंस •सभी ब्रांडेड कंपनियों के इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट उपलब्ध •5 0 कि.मी. तक फाइनेंस सुविधा
24 MONTH EASY EMI
0% DOWN PAYMENT & INTEREST
3 FREE SERVICE ON AC
SAME DAY INSTALLATION FREE
LIMITED STOCK HURRY!
*ऑफर पेपर कटिंग लाने पर
CREDIT CARD DEBIT CARD
CASH BACK 15%
(SELECTED CARD)
SAMSUNG LG BLUE STAR VOLTAS IFB AMSTRAD Whirlpool HAVELLS KENT Caps hindware Aquaguard GENERAL BAJAJ USHA TCL HITACHI JBL ZEBRONICS boAt LLOYD
इलेक्ट्रानिक्स बर्ड
Biggest Multi Brand Electronic & Computer Showroom
ब्रांच 1 : मनोहर टॉकीज के सामने, मेन रोड, जूना बिलासपुर
ब्रांच 2 : श्री प्लाजा के सामने, अशोक नगर चौक, सरकंडा, बिलासपुर
9300989790
7725031312
NEXT

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने बीती रात जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की रात सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली, तिफरा कुंदरापारा सिद्धि विनायक टाइल्स डिपो के पीछे में कुछ लोग एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर जुआ खेलते कुंदरापारा निवासी सुरेश जोशी, अजय भास्कर, मुकेश गेंदले, सुखू विश्वकर्मा, कुनाल खाण्डे को पकड़ लिया है। वहीं अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने जुआरियों के पास से 4 हजार 350 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मंदिर में बैठकर गांजा पी रहे युवक के साथ युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी रवि कौशिक 10 अक्टूबर की रात 9.30 बजे बजरंगबली मंदिर के पास बैठा था। इसी दौरान मोहल्ले के राहुल कौशिक, संतोष कौशिक, सागर सोनकर आए और मंदिर बैठकर गांजा पी रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर युवकों ने मारपीट शुरू कर दी, इसी दौरान राहुल कौशिक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने रवि कौशिक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इलाज के दौरान कैदी की मौत

**बिलासपुर।** केंद्रीय जेल में सजा काट रहे कैदी की इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।
सिविल लाइन थाना प्रधान आरक्षक हरप्रसाद डहरिया ने बताया, अम्बिकापुर क्षेत्र का रहने वाले लेदूराम तिकी 60 साल हत्या के मामले में केन्द्रीय जेल में सजा काट रहे थे। विगत 7 अक्टूबर को तबियत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। उनका शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। रविवार को परिजन के आने पर उनकी उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### महिला को दी गाली युवक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने महिला के साथ गाली गलौज करने वाले आरोपी के खिलाफ सीपत थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम नरगोडा थाना सीपत निवासी गंगा बाई श्रीवास पति कलेश्वर श्रीवास उम्र 27 साल शुक्रवार की सुबह घर पर रही। इस दौरान गांव के युवक उमेश ने पुरानी रंजिश को लेकर उनसे गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला को गाली देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

आइब्रो, मूंछ दाढ़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

**ड्रग विभाग की कार्रवाई जारी** | बालोद और रायगढ़ में मिल चुकी हैं अमानक दवाएं

# नकली क्रीम और पैरासिटामाल के अमानक मिलने से हरकत में आया विभाग, 74 दुकानों तक पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नकली और अमानक दवाओं पर ड्रग विभाग की कार्रवाई जारी है। पिछले दो दिनों में विभाग ने 74 दुकानों का निरीक्षण किया और 15 से अधिक सैंपल लिए हैं। बताया जा रहा है कि बालोद में बुखार और दर्द के लिए उपयोग होने वाली पैरासिटामॉल दवा अमानक पाई गई है, जिसके बाद विभाग ने अलर्ट जारी किया है। वहीं रायगढ़ में पेंड्रम क्रीम की नकली दवा मिल से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

बालोद जिले में बुखार और दर्द के लिए उपयोग में लाई जानी वाली पैरासिटामाल लीमोल 500 के बैच नंबर एलएमए 302




नकली और अमानक दवाओं की जांच करते ड्रग विभाग के अधिकारी।

एल के अमानक पाए जाने के बाद ड्रग विभाग एक्टिव हो चुका है। शुक्रवार को इस संबंध में विभाग को पत्र मिल चुका है, जिसके बाद शहर सहित जिले भर में इस दवा के सैंपल कलेक्ट किए जा रहे हैं। यह दवा मेसर्स लीफोर्ड हेल्थ केयर लिमिटेड द्वारा निर्मित है, ऐसे में ड्रग अधिकारी लगातार छापामार कार्रवाई कर रहे हैं। इसके साथ ही रायगढ़ जिले में पिछले माह स्कीन केयर के लिए उपयोग पेड्रम क्रीम के नकली पाए जाने की सूचना पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

भरनी परसदा स्थित श्री लक्ष्मी मेडिकल में छापामारी कर संदिग्ध क्रीम का सैंपल कलेक्ट किया गया है। इसके साथ ही मस्तूरी की मेडिकल दुकानों में भी विभाग कार्रवाई कर रहा है। अब तक बच्चों को दी जाने वाले कफ सिरप, अमानक कफ सिरप और नकली क्रीम को लेकर विभाग 74 दवा दुकानों की जांच कर चुका है, जिसमें 15 सैंपल कलेक्ट किए गए हैं।

### की जा रही है जांच

हमारी टीम पूरे जिले में काम कर रही है। उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद छापामारी कार्रवाई की गई है। दो दिनों में टीम ने 74 जगहों पर निरीक्षण किया गया है। दो दुकानों में संदिग्धता पाई गई है, संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**-भीष्म सिंह कंवर,**
सहायक ड्रग कंट्रोलर

10 बाइ 10 में दुकानें तो इतनी ही जगह बैठने के लिए दी गई

# मुंगेली नाका मैदान व रिवर व्यू में लगेंगी 134 पटाखा दुकानें, टिन का रहेगा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इस बार तीन जगहों पर पटाखा दुकानें लगेंगी। निगम ने इसके लिए अस्थायी लाइसेंस भी जारी कर दिया है। इसके साथ ही जिले में 24 स्थाई पटाखा दुकानों को भी लाइसेंस मिला है। इसमें मुंगेली नाका के ग्रीन पार्क मैदान में 45, सिम्स के पीछे रिवर व्यू में 89 और बुधवारी बाजार में 70 पटाखा दुकानें लगाईं जाएंगी।

- **बुधवारी बाजार में अलग से 70 पटाखा दुकानें लगाईं लगेंगी**

दुकानें 10 बाइ 10 की जगह पर लगेंगे तो इतनी ही जगह बैठने के लिए दी जाएंगी। सभी दुकानें टिन शेड की होंगी और लकड़ी का इस्तेमान नहीं करने की हिदायत दी गई है। मंगला और सकरी में भी अलग से दुकानें लगाई जाएंगी।

जिला प्रशासन और नगर निगम ने पटाखा व्यापारियों के लिए कुछ शर्तें भी तय कर दी हैं। सप्ताहभर के लिए लगने वाले इस अस्थाई पटाखा दुकान के प्रत्येक दुकानदार एक दुकान के अंदर 100 किलो पटाखा और विस्फोटक सामग्री ही रख सकेगा। पटाखों की कीमत निर्धारण और आपसी प्रतिस्पर्धा के दौरान ग्राहकों के हितों का ख्याल रखने के लिए सभी व्यापारियों को समझाइश दी गई है। पटाखा व्यवसायी संघ के मुताबिक बारिश परेशान कर रही है इससे व्यापार पर असर पड़ने की संभावना है। सब कुछ सही रहा तो शहर में करीब 5 करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है।



रिवरव्यू में तैयार किया जा रहा पटाखा बाजार।



मुंगेली नाका मैदान में तैयार हो रहा पटाखा बिक्री के लिए पंडाल।

### दमदार हैं स्वदेशी पटाखे

इस बार विजयादशमी पर्व भी रावण का पुतला दहन करने के लिए बड़ी संख्या में स्वदेशी पटाखों की बिक्री हुए है। सभी पटाखे दमदार निकले है, जिसमे किसी तरह की खामियां नहीं मिली है। साफ है कि स्वदेशी पटाखों में लोगों को कोई कमी नहीं मिली है। इसको लेकर पटाखों जलाना पसंद करने वाले भी खुश है। हालांकि उस दौरान भी बारिश के कारण पुतने भीग गए थे।

### कुछ हद तक सस्ते हुए हैं पटाखे

पटाखा बाजार का पूरी तरह से स्वदेशी करण होने का फायदा भी लोगों को मिल रहा है। चिल्हर अस्थाई पटाखा संघ ने बताया कि देश में सभी प्रकार के पटाखे बनने से इनकी लागत घटी है। जिसका असर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। पूर्व के वर्षों अपेक्षा इस वर्ष कुछ हद तक पटाखों के दामों में कमी भी आई है। ऐसे में इस बार लोग ज्यादा पटाखे ले सकेंगे।

### गाइडलाइन का करना होगा पालन

मुंगेली नाका के ग्रीन पार्क मैदान में 45, सिम्स के पीछे रिवर व्यू में इस बार पटाखा दुकानें लगेंगी। पटाखा दुकानें गाइडलाइन के तहत लगानी होंगी। दुकानों में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी अनिवार्य रूप से रखना होगा। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

**- अमित कुमार,**
आयुक्त, नगर निगम

**हजारों घरों में नहीं पहुंचा पानी**

# मेंटनेंस के लिए सुबह 6 बजे से बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** सबस्टेशन में सुधार के लिए बिजली विभाग ने सुबह 6 बजे सप्लाई बंद कर दी। बिजली बंद होने के कारण सुबह के समय पानी सप्लाई नहीं हो सकी और कई घरों में सुबह का पानी नहीं पहुंचा। लोगों को हलाकान होना पड़ा, हालांकि सुबह 10 बजे के बाद बिजली आते ही कुछ देर के लिए लोगों को पानी मिल गया लेकिन रोजमर्रा के काम खासे प्रभावित रहे।

- **करबला, अग्रसेन चौक, गांधी चौक, विद्यानगर में रही सप्लाई ठप**

बिजली विभाग द्वारा करबला, बसस्टैंड, अग्रसेन चौक, लिंक रोड, गांधी चौक और सीएमडी कालेज, विद्यानगर जैसे इलाकों में मेंटनेंस करने शनिवार की सुबह से बिजली बंद कर दी। विभाग ने इसकी सूचना सार्वजनिक की थी, लेकिन सवेरे बिजली नहीं होने के कारण कई घरों मं पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। नगर निगम का बोर ठप रहा और लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। करीब 10 बजे के बाद बिजली सप्लाई नार्मल की गई लेकिन अगले 1 घंटे निगम ने ही पानी देना बंद कर दिया। ऐसे में लोगों को खपत के अनुसार पानी नसीब नहीं हो सका। वहीं शहर में बारिश होने के बाद 11 व 33 केवी लाइनों में फाल्ट आया, जम्पर जलने और ट्रांसफार्मर बंद होने की शिकायत के बाद बिजली कर्मचारियों द्वारा घंटों फाल्ट ढूंढते रहे। इस दौरान पूरे शहर में घंटों बिजली बंद रही। कुदुदंड, सरजू बगीचा, मसानगंज, अशोक नगर, सरकंडा, हेमू नगर, चांटीडीह, तिलक नगर जैसे इलाकों में दिन भर बिजली कीआंखमिचौली जारी रही।



**मोबाइल के सहारे सिम्स अस्पताल**

शनिवार को सिम्स में अस्पताल में गजब का नजारा देखने को मिला। बारिश के दौरान बिजली सप्लाई ठप रही, इस दौरान सर्जिकल आईसीयू व वार्ड जैसे क्रिटिकल केयर यूनिट में भी मोबाइल के सहारे काम होता रहा। बिजली के बैकअप व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज और परिजनों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

# एसएसपी के चालक गनमैन से हुज्जतबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी के गाड़ी चालक व गनमैन से हुज्जतबाजी कर भ्रामक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल करना मैग्नेटो मॉल के गार्ड को महंगा पड़ गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- **मॉल का गार्ड गया जेल**
- **भ्रामक वीडियो कर रहा था वायरल**

4 अक्टूबर को मैग्नेटो मॉल में एसएसपी रजनेश सिंह की गाड़ी को चालक व गनमैन पार्किंग में खड़े कर मॉल के अंदर जा रहे थे। गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड मस्तूरी झाल निवासी जीवन कुमार डहरिया चालक व गनमैन के साथ गाड़ी खड़ी करने को लेकर अभद्र व्यवहार करते हुए हुज्जतबाती करने लगा। इसी तरह गार्ड आम नागरिकों के साथ भी दुर्व्यवहार कर हुज्जतबाजी कर रहा था। चालक व गनमैन ने घटना की जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी। इसी बीच गार्ड सोशल मीडिया पर चालक व गनमैन का भ्रामक वीडियो वायरल कर दिया। बीआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज के हेड मैनेजर से संपर्क कर घटना की जानकारी साझा की गई। प्रारंभिक जांच में पाया कि गार्ड जीवन कुमार डहरिया कंपनी में बिना चरित्र सत्यापन के नियुक्त किया गया था।

आगे की जांच में पाया गया गार्ड के खिलाफ बिल्हा में जुआ एक्ट, मारपीट, हत्या के प्रयास, बलवा व सड़क अवरूद्ध करने के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसे प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शापिंग मॉल जैसे सार्वजनिक स्थनों पर बिना चरित्र सत्यापन कराए हथियारबंद गार्ड तैनात करना संबंधित सिक्युरिटी एजेंसी की गंभीर त्रुटि है। एजेंसी को पृथक से नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है।

# ठगी मामले में आटो डील संचालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिना जानकारी दिए फाइनेंस वाली कार एक व्यक्ति को बेचकर 2 लाख 70 हजार रुपए की ठगी करने वाले आटो डील संचालक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बाम्हू निवासी हेमंत धीवर ने मंगला दीनदयाल कालोनी स्थित मनीष सोनी के आटो डील दुकान में कार क्रमांक सीजी 10 बीएच, 0913 देखी। 26 मार्च 2025 को विक्रेता मनीष सोनी ने कार बेचने का पक्का सौदा किया। मनीष सोनी ने बताया कि वाहन का फाइनेंस कंपनी में किसी प्रकार की रकम शेष नहीं है। श्री धीवर 2 लाख 70 हजार रुपए देकर गाड़ी खरीदकर ले गए। इस बीच मनीष सोनी ने उन्हें बताया एनओसी मूल आरसी दोनों कागजात कुछ दिन में मिल जाएगा। कुछ दिन बाद श्री धीवर ने उनसे आरसी की मांग की, किन्तु डीलर एनओसी में समय लगेगा कहकर घुमाने लगा। 28 अगस्त 2025 को वे रतनपुर गए थे तो चोला मण्डलम फाइनेंस कंपनी के एजेंट रतनपुर से फाइनेंस की 22 किश्त 5 लाख 80 हजार शेष बताकर कार लेकर चले गए।

### मोबाइल हैक कर 95 हजार की ठगी

शहर के एक व्यक्ति का मोबाइल हैक कर जालसाजों ने 95 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पिछले दिनों इमलीपारा निवासी जितेन्द्र पुरोहित का मोबाइल जालसाजों ने हैक कर लिया और उनके मोबाइल से फोन पे के माध्यम से दो किश्तों में 95 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल आनलाइन शिकायत दर्ज कर पैसा होल्ड कराने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद भी पैसा होल्ड नहीं होने पर शनिवार को श्री पुरोहित सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# अरपा में बहे अधेड़ की मस्तूरी कोनी एनीकट में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन पहले छठघाट से बहे अधेड़ की मस्तूरी कोनी एनीकट में लाश मिल गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।



- **पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा**

ज्ञात हो कि 8 अक्टूबर की शाम राजीव विहार निवासी चार्ली डिकुस पिता फ्रांसिस डिकुस 55 साल घर में किसी को बिना बताए स्कूटी लेकर निकले थे। काफी समय बीत जाने के बाद घर नहीं लौटने पर परिजन के द्वारा पतासाजी की गई। रात 12.10 बजे परिजन ने उनके गुम होने की रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केंद्र की। परिजन के द्वारा श्री डिकुस का मोबाइल लोकेशन लेने पर छठघाट पाया गया। परिजन पुलिस को लेकर छठघाट गई तो उनकी स्कूटी, चाबी, डिक्की में मोबाइल व पचरी में उनका चप्पल मिली थी। नदी में बह जाने की आशंका में एसडीआरएफ की टीम उनकी दो दिन से तलाश कर रही थी। शनिवार को दोपहर में मस्तूरी कोनी स्थित एनीकट के गेट में श्री फ्रांसिस की लाश मिली। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, शव एनीकट से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# जातिगत गाली गलौज कर छात्रा से मारपीट हास्टल संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिक्यूरिटी की रकम को लेकर छात्रा से मारपीट कर जातिगत गाली गलौज करने वाले हास्टल संचालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

अजाक थाने से मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश की एक छात्रा जीजीयू विधि विभाग में पढ़ाई कर रही है। वह कोनी में उमनिया गर्ल्स हासटल में रह रही थी। उस हास्टल में सीसीटीवी कैमरा, गर्ल्स वार्डन नहीं होने पर हास्टल छोड़ दिया। हास्टल संचालक ने उन्हें सिक्यूरिटी मनी लौटाने की बात कही थी। उसने फोन लगाकर रुपए की मांग की तो संचालक ने अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। छात्रा अपनी सहेलियों के साथ उनके घर पैसा वापस मांगने गई तो उनके साथ मारपीट कर स्कूटी चढ़ाने की कोशिश की गई। सहेली ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट का वीड़ियो पुलिस को सौंपा गया है।

- **अजाक थाने का मामला**
- **वीडियो पुलिस को सौंपा**

पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर गौरव तिवारी, आयुष तिवारी के खिलाफ 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व 3, 1 द, 3, 1 एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

11- OCT--REGNOL-pg-3-ALTOR_Layout 1 10/11/2025 11:31 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कुष्ठ रोग के लक्षण व उपचार के संबंध में दी गई जानकारी



**बेलतरा।** पूरे प्रदेश में 2 से 8 अक्टूबर तक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बिल्हा विकासखंड के सेक्टर बेलतरा में जनप्रतिनिधियों को कुष्ठ जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं इसके संबंध में व्याप्त भ्रांतियों के संबंध में जानकारी दी गई एवं कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल एवं सेल्फ केयर किट का वितरण भी किया गया। गढ़वट, टेकर, भाड़ी, बसहा, सलखा, करमा, सेलर आदि गांवों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी सीएचओ का योगदान उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के मितानिनों के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर श्याम सोनी, आरएमए घनश्याम तिवारी, नेहा पाहवा, विवेकानंद जायसवाल, पूजा दुबे, अनूप कुमार पांडेय, पर्यवेक्षक डीके यादव, राजेश्वरी राज सहित सभी आरएचओ मौजूद रहे।

### कोटा के वार्ड क्रमांक 11 में नाली निर्माण का भूमिपूजन



**करगीरोड कोटा।** नपं कोटा के वार्ड क्रमांक 11 में नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड की महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश मौजूद रहीं। साथ ही वार्ड पार्षद कान्हा संतोष गुप्ता एवं नगर पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीमती साहू ने कहा कि, वार्ड में नाली निर्माण से जल निकासी की समस्या दूर होगी, और स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी। यह कार्य क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक अहम कदम है। वार्डवासियों ने इस कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद का आभार जताया।

### कन्या शाला में 150 छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




**मुंगेली।** स्थानीय कस्तूरबा कन्या उमा विद्यालय विनोबा नगर में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया हुआ। होम्योपैथिक विभाग से डॉक्टर गुंजन तिवारी ने मोटापा और उसकी रोकथाम के लिए बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर लगभग 150 छात्राओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। विद्यालय के आग्रह पर अगले माह फिर एक दिन के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सहमति बनी। उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने दी।

### मेडिकल टीम ने स्कूली बच्चों को दी नशे से दूर रहने की प्रेरणा




**लोरमी।** नशामुक्ति अभियान के तहत लोगों में जागरुकता लाने मेडिकल टीम लोरमी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोतरी पहुंची। इस अवसर पर मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष जीवन साहू, तिरिथ साहू एवं संजय जायसवाल उपस्थित थे। राजेंद्र साहू ने 12वीं क्लास के बच्चों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। मिंटू छबड़ा ने कहा कि एटिजोलाम, कोडीन युक्त कफ सिरप जैसी नशीली दवाओं एवं बीड़ी, सिगरेट, तम्बाखू आदि नशीले पदार्थ का उपयोग युवाओं द्वारा किया जा रहा है, जो चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि, नशा नाश की जड़ है। नशे से दूर रह कर युवाओं को अपने भविष्य का निर्माण करना है।

### नवनीत ने स्कूल को प्रदान किया कंप्यूटर



**लोरमी।** ग्राम बघर्रा के स्कूल में डिजिटल शिक्षा की अभिनव पहल की शुरुआत करने के साथ ही बच्चों को विभिन्न स्टेशनरी समाग्रियां प्रदान की गईं। बैंगलौर में प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद पर सेवा दे रहे नवनीत कश्यप ने अपनी मां की स्मृति में विद्यालय को कम्प्यूटर सेट प्रदान किया। कार्यक्रम में सरपंच चंद्रमणि साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष झुनाराम जगत, राजीव, ललित, जीवराखन आदि पालकों के साथ समन्वयक राजेश कुंभकार, शिक्षक केआर डडसेना, प्रधान पाठक मनीराम पात्रे सहित शाला परिवार के बच्चे उपस्थित थे।

## 129 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

# मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में हो रहा प्रदेश का चहुंमुखी विकासः राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भर्रीडांड़

कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल ने शनिवार को मरवाही के मटियाडांड़ हाईस्कूल मैदान में आयोजित अन्तर्राज्यीय भैना समाज के नवाखाई महोत्सव के दौरान रिमोट का बटन दबाकर 129 करोड़ 8 लाख 26 हजार के 104 विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इसमें 54 करोड़ 78 लाख 71 हजार रूपए की लागत के 23 लोकार्पण और 74 करोड़ 29 लाख 55 हजार रूपये की लागत के 81 भूमिपूजन के कार्य शामिल हैं। इस मौके पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि, इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी को आना था, लेकिन किसी कारण से उनका आना स्थगित हो गया।

मुख्यमंत्री की सौगातों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मैंने मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि, भैना समाज की जो भी मांगें हैं, मैं उन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचाऊंगा और पूर्ण कराने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हो रहा है। समाज के अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।



कार्यक्रम में शामिल मंत्री राजेश अग्रवाल व अन्य।

मुख्यमंत्री और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री अग्रवाल ने चौक-चाराहों एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए 30 नग हाईमास्ट लइट के लिए 1 करोड़ 61 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिले की विकास प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने सामाजिक और अधोसंरचना के क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि, सामाजिक सद्भाव के साथ जीपीएम जिला उतरोत्तर प्रगति करेगा। समारोह में कृषि विभाग की किसान समृद्धि योजना के तहत नलकूप खनन एवं पम्प प्रतिष्ठापन, पंचायत विभाग की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत चक्रीय निधि और महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला कोष के अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 22 हितग्राहियों को 23 लाख 35 हजार रूपए का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भैना समाज के लोगों को शाल और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### गौरवशाली है भैना जाति का इतिहासः रघुवंश

भैना समाज नर्मदांचल पेंड्रा परिक्षेत्र के अध्यक्ष सेमलाल रघुवंश ने कहा कि, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भैना जाति का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने भैना राज्य की स्थापना, वंशजों के प्रादुर्भाव, गढ़फूलझर ऐतिहासिक स्थल का महत्व, भैना राजाओं का इतिहास, राज्य का विस्तार, सामाजिक संरचना एवं रीति-रिवाज पर प्रकाश डाला। श्री रघुवंश ने भैना समाज के वंशज राजा भानूमन और उनकी पत्नी चंदन कुमारी की मूर्ति स्थापना, सामाजिक भवन, निमधा को पूर्ण तहसील का दर्जा, शाला उन्नयन, अभिलेख दुरूस्तीकरण आदि मांगों से अवगत कराया। समारोह में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, भैना समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक जानकी कुसरो, शिवनाथ बघेल, मुकेश दुबे, राधा रैदास, भंवर सिंह गोवाश, रामसिंह कुसरो, इतवार सिंह, ठाकुर राम, गणेश सिंह, संग्राम सिंह, लालजी मार्को, चैतराम, गौतम भानू, कन्हैया राठौर, लालजी यादव, छोटेलाल सोनी, राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, तापस शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला के बच्चों ने लिया मिट्टी कला का प्रशिक्षण



**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में शनिवार को 'बस्ता विहीन शनिवार' कार्यक्रम के तहत स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम के संयोजन व रूपरेखा शाला के शिक्षक कलेश्वर साहू ने तैयार की, जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय को विद्यालय से जोड़ना और बच्चों को स्थानीय कला-कौशल से परिचित कराना व हस्तकला विकास कराना है।

विद्यालय में स्थानीय कला संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए समुदाय से परंपरागत कुम्हार सुरेश कुमार चक्रधारी और उसकी पत्नी प्रेमलता ने विद्यालय के बच्चों को मृदा कला का प्रशिक्षण दिया। दीपावली के आगामी पर्व को ध्यान में रखते हुए बच्चों को विशेष रूप से मिट्टी के दीये, सुवा, ग्वालिन और विभिन्न खिलौने बनाना सिखाया गया। शाला के प्रधान पाठक साधराम मरकाम ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम न केवल स्थानीय कला और संस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि बच्चों में रचनात्मक कौशल का भी विकास करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुरेश कुमार चक्रधारी व उनके परिवार का विशेष आभार व्यक्त किया। कलेश्वर साहू ने बताया कि, यह आयोजन समुदाय और विद्यालय के बीच एक मजबूत बंधन बनाने और छात्रों को उनकी जड़ों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक साधराम मरकाम, शिक्षक पुनीराम राम साहू, कलेश्वर साहू, श्वेता केशरी, और नीलम सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## बकायादारों एवं सार्वजनिक बोर का दुरुपयोग करने वालों पर कर्रवाई

**लोरमी।** नगर पालिका परिषद ने जल कर के बकायादारों एवं सार्वजनिक बोर से अवैध जल उपभोग करने वालों के विरुद्ध लगातार दूसरे दिन सख्त कार्रवाई की। जल विभाग के सर्वे में ऐसे 8 मकानों की पहचान की गई, जिन्होंने सार्वजनिक बोर में निजी सबमर्सिबल पंप लगाकर जल का अनुचित उपयोग किया था।

इन सभी मकानों को नोटिस जारी किया गया, जिसके बाद 6 मकान मालिकों ने स्वयं ही अपने पंप हटा लिए। शेष 2 मकानों द्वारा पम्प नहीं हटाए जाने पर जल शाखा प्रमुख कमलाकांत कश्यप के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर सबमर्सिबल पंप को जब्त किया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा ने सभी नल जल उपभोक्ताओं से अपील की है कि, वे अपनी बकाया राशि अतिशीघ्र निकाय कार्यालय में जमा करें। उन्होंने कहा कि, नगर व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रत्येक नागरिक का



कर्तव्य है कि, वह नियमों का पालन करे एवं नगर विकास में समय पर टैक्स जमा कर सहयोग प्रदान करे। शहर के 135 बड़े जलकर बकायादारों को नोटिस जारी की गई है, जिनमें अब तक केवल 18 उपभोक्ताओं ने ही अपनी बकाया राशि जमा की है। शेष उपभोक्ताओं से भी शीघ्र भुगतान की अपेक्षा की गई है, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों की नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक सोच को मिला मंच

**पेंड्रा।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार 10 अक्टूबर को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ऑडिटोरियम में किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अभिनव वैज्ञानिक मॉडलों और विचारों का प्रदर्शन किया।



■ पेंड्रा में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री तिवारी ने विद्यार्थियों के मॉडलों और प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। विज्ञान को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन से जोड़ना समय की आवश्यकता है। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें मोनिका जैन, बनमाली प्रसाद वासुदेव, हरीश शर्मा, सुरेश कुमार उपाध्याय, गिरीश दत्त शर्मा, देवचरण कश्यप, जगत राम साहू, संध्या रानी मोहंती, और राहुल कोरी शामिल थे। निर्णायकों ने मौलिकता, प्रस्तुति की गुणवत्ता, और वैज्ञानिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग के आधार पर विजेताओं का चयन किया। पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार शर्मा और सहायक नोडल बालुराम ओगरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बच्चों को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां



**मल्हार।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बीपीडी मध्यनगरी उमा विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हार के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षदेव नापित बतौर मुख्य आतिथ्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शुभदा सेवा संस्था के उपाध्यक्ष मोहित राम देवांगन, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य गोकुल प्रसाद पाटले सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। डॉ नापित ने बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानकारी और आवश्यक दवाएं प्रदान की। नर्स स्टाफ संगीता जायसवाल ने बालिकाओं को अलग से स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए उन्हें सुरक्षा पैड वितरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करुणेश कुमार नापित ने कहा कि, यह कार्यक्रम पूरे सप्ताह अलग अलग बिंदुओं पर आयोजित किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज कुमार सिन्हा और जिला डॉ कांति अंचल में मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## आवासों को समय पर पूर्ण करने के लिए जनजागरूकता रैली

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2024-25 के अप्रारंभ एवं प्रगतिरत आवासों को समय पर पूर्ण करने हेतु जनपद पंचायत मुंगेली की ओर से गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरकोना में संवाद सह जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश साहू सहित कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक (आवास) तथा बीसी (स्वच्छ भारत मिशन) सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देना, अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करना तथा नवाचार के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान जपं सीईओ ने कहा कि, शासन की यह प्राथमिकता है कि, प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर आवास की सुविधा मिले। उन्होंने अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि सभी लंबित आवासों का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए।

## स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर जोर

**तखतपुर।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से शास्त्री कन्या उमा विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। स्वदेशी जागरण मंच बिलासपुर की ओर से सेवानिवृत सहायक श्रम आयुक्त रमेश प्रधान ने कि, हमें हर वस्तुओं का उत्पादन अपने देश में करना है, और उस उत्पादन में हमें भी अपनी भूमिका निभानी है। वस्तुओं के उत्पादन के साथ-साथ उसका उपयोग भी हम सभी करेंगे।

स्वालंबन मंच की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख अरुणा दीक्षित ने कहा कि, हमें ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा करने वाले की श्रेणी में आना है। अन्य लोगों को रोजगार देकर स्वयं तो मजबूत होंगे ही, साथ ही रोजगार पाने वाला भी आर्थिक




रूप से समृद्ध होगा। हम सब की यही कोशिश रहेगी, कि भारतवासी भारत में ही बनने वाले सामान का उपयोग करें। इस मंच के सदस्य सुशांत द्विवेदी ने कहा कि, हम अपने दिन की शुरुआत से लेकर रात तक तक जो भी सामान इस्तेमाल करते हैं, सभी स्वदेशी उत्पाद होने चाहिए। यह प्रक्रिया यदि हम सभी करेंगे, तो भारत मैं धीरे-धीरे अन्य देशों के सामानों की निर्भरता समाप्त हो जाएगी। विद्यालय की ओर से जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि, यह एक समाज को जगाने वाला कार्य है, ताकि हम आत्मनिर्भर बन सकें और प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप हम भी अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, सलीम बंजारे, अहिल्या, अंजनी, करुणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आवास योजना के संबंध में जानकारी देने जनजागरूकता रैली

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024–25 के अप्रारंभ एवं प्रगतिरत आवासों को समय पर पूर्ण करने हेतु जनपद पंचायत मुंगेली द्वारा आज ग्राम पंचायत सेमरकोना में संवाद सह जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश साहू सहित कार्यक्रम अधिकारी, आवास तकनीकी सहायक तथा स्वच्छ भारत मिशन बीसी सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देना, अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करना तथा नवाचार के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा देना रहा। जनपद पंचायत सीईओ ने कहा कि, शासन की यह प्राथमिकता है कि, प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर आवास की सुविधा मिले। उन्होंने अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि सभी लंबित आवासों का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए।

### धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार

# कटाई के लिए तैयार फसल पर छाया कीट प्रकोप

**मुंगेली।** क्षेत्र में धान की फसल पकने लगी है, लेकिन कुछ गांवों में कीट व्याधियों से फसल को नुकसान हो रहा है। समय पर फसल को उपचार नहीं मिलने से कीट व्याधि का प्रकोप बढ़ते जा रहा है, जिससे किसान चिंतित है। क्षेत्र में 90 प्रतिशत इलाकों में धान की फसल ली जाती है।

जिले में लगभग 1 लाख 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र पर धान की फसल ली गई है। खरीफ फसल की बुवाई करने वाले किसानों की मेहनत अब रंग लाने लगी है। तैयार हो चुके धान के पौधों में निकली बालियां पकने लगी हैं। किसानों का कहना है कि, तैयार हो रही फसल की कटाई जल्द शुरू हो जाएगी। सिंचाई सुविधा संपन्न किसानों की फसल महामाया धान कटनी शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन किसानों ने सिंचाई साधन के सहारे खरीफ फसल की रोपाई पहले कर दी थी उनकी फसल लगभग पक गई है। क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने धान की तेजी से बढ़ने वाली प्रजाति महामाया, 1010, हाईब्रिड सुरूचि, सोनम की बुआई की है। ग्राम बुधवारा, चातरखार, बाघामुड़ा,



खेत में लहलहाती धान की बालियां।

भालापुर, बांकी, पुरान, करही, धपई, संबलपुर, चारभाठा, कोदवा, पौनी, उसलापुर, मुड़पार, लालाकापा, खैरवार, देवरी, जमकोर, उमरिया सहित अधिकांश गांवों में इन्हीं किस्म के धान की रोपाई हुई है। एक तरफ जहां अच्छी फसल होने से किसान खुश हैं, वहीं कुछ गांवों में कीट प्रकोप व्याधि की शिकायतें भी आ रही हैं। ग्राम बुधवारा के सुरेश शुक्ला, संबलपुर के रघुराज सिंह, ग्राम बिझौरी के गिरीराज शर्मा, ग्राम खेढ़ा के सुरेश शर्मा ने बताया कि, धान फसल में लाल मकड़ी एवं भूरा माहू के साथ पिछले साल से कुछ नई बीमारियां का प्रकोप शुरू हो गया है, जिसमें फसल सुखने लगती है। मौसम परिवर्तन के चलते कीट प्रकोप बढ़ जाता है। मौसम खुलने के बाद धान के पौधों को बढ़ने का अनुकूल माहौल मिल रहा है। किसानों ने बताया कि, कीट व्याधियों से धान की फसल को बचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। पटेल कृषि सेवा केन्द्र के संचालक भुनेश्वर पटेल ने बताया कि, महामाया धान में मकड़ी कीट के प्रकोप के लियए बरनीव या शिस्माइट का छिड़काव किया जा रहा है। किसान खेतों में दवा का छिड़काव करने में लगे हुए हैं। कृषि अधिकारी केपी डिंडोरे ने बताया कि, कुछ गांवों में कीट व्याधियों की शिकायत आ रही हैं। किसान संबंधित आरईओ से संपर्क कर दवा का छिड़काव कर व्याधियों पर नियंत्रण पा सकते है।

## 53 गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच



**दगोरी।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 53 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार मेडिकल आफिसर डॉ अदिति सिंह ने किया। इस दौरान गर्भवती माताओं की मलेरिया, टाइफाइड, सिकलिंग, ग्रुप, हीमोग्लोबिन, सुगर, बीपी ,यूरिन एल्ब्यूमिन सुगर के साथ ही ऊंचाई वजन की भी जांच की गई। जरूरी सलाह के तहत टीटी के टीके लगवाने, प्रसव पूर्व चार जांच कराने, आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम की जरूरी खुराक लेने संस्थागत प्रसव कराने के साथ ही ताजा पौष्टिक भोजन लेने भी सलाह दी गई। आयोजन को सफल बनाने ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, वरुण कौशल, स्टाफ नर्स सुषमा सन्नाट, खिलेश्वरी मिरी, प्रियंका लाश्कर, प्रवीण दाश, सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, आरएचओ उमा मनहर, रोहित कौशिक, मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, मितानिन सावित्री बारले, रूपा निषाद, महेश्वरी ध्रुव, मीना कौशिक, पूर्णिमा रानी, संतोषी कौशिक, सुशील मानिकपुरी, शीतला देवी सन्नाट, संतोषी सन्नाट, धनेश्वरी टंडन, दुर्गा यादव, तीजन साहू, जितेंद्र बंधे, रवीना सोनवानी, राजकुनार ध्रुव, नीतू ध्रुव इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।